सतना
7 सितंबर 2024 शनिवार

दैनिक
# मीडियाऑडीटर
सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



दिलीप ट्रॉफी में ...
@ पेज 7

## कुशवाहा पर तेजस्वी के डोरे प्रशांत किशोर का व्यूह वार

**मिशन 2025 में नीतिश को धराशायी करने का बन गया प्लान!**



**पटना (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जनता दल ने कुशवाहा वोट की घेराबंदी क्या शुरू कर दी है। जनता दल यू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिश कुमार की टेंशन बढ़ा दी है। लव कुश के आधार वोट के साथ कभी राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के विरुद्ध मोर्चा खोलने वाले नीतिश कुमार कुशवाहा वोट के डैमेज कंट्रोल के साथ आगामी विधान सभा चुनाव में जाना चाहती है। आगामी विधान सभा चुनाव में जेडीयू को अभी से ही प्रशांत किशोर के जन सुराज से खतरा है ही। और अब पीके के खतरे से बड़ा खतरा कुशवाहा समाज को राजद की तरफ जाते दिखने से है।

## कर्नाटक की पूर्व बीजेपी सरकार पर कोविड-फंड घोटाले का लगा आरोप

- कांग्रेस का दावा-एक हजार करोड़ रुपए की हेराफेरी हुई,कई फाइलें भी गायब

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने पूर्व भाजपा सरकार पर कोविड फंड में करोड़ों रुपए के घोटाले का आरोप लगाया है। कांग्रेस का दावा है कि कोविड के दौरान राज्य को कुल 13 हजार करोड़ रुपए का फंड मिला था। इसमें लगभग 1000 करोड़ रुपए की हेराफेरी की गई। तब बीएस येदियुरप्पा के नेतृत्व में भाजपा की सरकार थी। कांग्रेस ने कोविड-19 मैनेजमेंट पर जस्टिस जॉन माइकल डी कुन्हा कमीशन की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के हवाले से घोटाले का दावा किया है। कर्नाटक सरकार में कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री एच के पाटिल ने बताया कि गुरुवार (5 सितंबर) को कैबिनेट मीटिंग में रिपोर्ट पर चर्चा हुई।

## अब सेबी चीफ को समन जारी कर सकती है पीएसी

**कांग्रेस नेता हैं इसके मुखिया, हंगामे के बन रहे आसार**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद की लोक लेखा समिति की ओर से सेबी की चीफ माधबी पुरी बुच को समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है। ऐसा सेबी के कामकाज की समीक्षा के लिए किया जा सकता है। वहीं इसे लेकर विवाद की भी संभावना है क्योंकि समिति के कुछ सांसद ऐसे



एकतरफा फैसले के खिलाफ हैं। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल की अध्यक्षता वाली समिति ने अगले 5 सालों के लिए 161 विषय तय किए हैं, जिन पर चर्चा की जानी है। इनमें 160वें नंबर पर संसद के ऐक्ट से बनीं नियामक संस्थाओं के कामकाज की समीक्षा को शामिल किया गया है।

### संक्षिप्त समाचार

## दो बार गलती कर दी, अब आरजेडी के साथ नहीं जाएंगे

- बीजेपी का साथ छोड़ने के कयासों के बीच बोले सीएम नीतिश कुमार

पटना (एजेंसी)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार का कहना है कि हमने दो बार आरजेडी के साथ जाकर गलती की थी। अब ऐसी गलती दोबारा नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि हम अब कभी आरजेडी के साथ नहीं जा सकते। नीतिश कुमार का यह बयान अहम है क्योंकि पिछले दिनों उनकी आरजेडी नेता तेजस्वी यादव से मुलाकात हुई थी। इसके बाद से ही कयास लग



रहे थे कि बिहार की राजनीति में फिर से खेला हो सकता है। यह मुलाकात अचानक ही हुई थी और दोनों के बीच करीब आधे घंटे बात हुई थी। अब नीतिश कुमार ने इन कयासों को दूर करने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि एनडीए के साथ उनका स्वाभाविक गठबंधन है और अब यह हमेशा के लिए बना रहेगा। आज ही भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा पटना पहुंचे हैं।

## 69000 शिक्षक भर्ती मामले में अभ्यर्थियों से आज मिलेंगे योगी

- मंत्री ओपी राजभर ने दिया आश्वासन,9 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**लखनऊ (एजेंसी)।** हाईकोर्ट डबल बेंच के आदेश के पालन के लिए लगातार धरना-प्रदर्शन कर रहे 69000 शिक्षक भर्ती के आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने बृहस्पतिवार को पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर के आवास का घेराव किया। अभ्यर्थी हाईकोर्ट के फैसले का पालन करने व नियुक्ति देने की मांग कर रहे थे। गुरुवार को प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों से प्रदेश सरकार के मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने मुलाकात की। उन्होंने



अभ्यर्थियों की समस्याएं सुनीं और ज्ञापन लिया। राजभर ने आश्वासन दिया कि वे अभ्यर्थियों के प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सात सितंबर को करवाएंगे। इस मामले का समाधान जल्द ही किया जाएगा। सीएम से मिलने के लिए उन्होंने पांच अभ्यर्थियों के नाम भी मांगे। धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने कहा अभ्यर्थी चार साल से सड़कों पर भटक रहे हैं। अब कोर्ट का फैसला आया है तो इसका पालन नहीं हो रहा है। कोर्ट ने भर्ती की मूल चयन सूची रद्द कर सरकार को तीन महीने में आरक्षण नियमों का पालन करते हुए नई सूची जारी करने का आदेश दिया है, लेकिन सरकार ने अब तक कोई काम शुरू नहीं किया है।



## आज विराजेंगे विघ्नहर्ता घर-घर होगी स्थापना

**सुमुख योग का बन रहा सुंदर संयोग,दिनभर में 3 विशेष मुहूर्त**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कल 7 सितंबर को गणेश चतुर्थी है। इस दिन देशभर में गणपति स्थापना होगी। इसके लिए दिनभर में 3 मुहूर्त रहेंगे। मूर्ति स्थापना सूर्यास्त के पहले करने का विधान है। गणेश पुराण के मुताबिक गणपति का जन्म चतुर्थी तिथि और चित्रा नक्षत्र में मध्याह्न काल, यानी दिन के दूसरे पहर में हुआ था। ये शुभ काल सुबह 11.20 बजे से शुरू हो रहा है। 7 सितंबर दिन शनिवार से गणेश चतुर्थी का पर्व बहुत धूमधाम से मनाया जाएगा, यह पर्व हर साल भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी से 10 दिनों तक गणेश उत्सव मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, गणेशजी के जन्मोत्सव को गणेश चतुर्थी के नाम से जाना जाता है। इस दिन भगवान गणेश के विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जाती है। 10 दिनों तक भगवान गणेश को घर में रखकर उत्सव मनाया जाता है और भक्त बप्पा की खूब सेवा भी कर सकते हैं। गणेश चतुर्थी पर इस बार सुमुख नाम का शुभ योग बन रहा है। ये गणेशजी का एक नाम भी है। इसके साथ पारिजात, बुधादित्य और सर्वार्थसिद्धि योग बन रहे हैं। ज्योतिषियों का मानना है कि इस संयोग में गणपति स्थापना का शुभ फल और बढ़ जाएगा। ग्रंथों के मुताबिक वैसे तो गणेशजी के कई रूप हैं, लेकिन भादों के महीने में आने वाली इस गणेश चतुर्थी पर सिद्धि विनायक रूप में गणेशजी को पूजने का विधान है।

## परिवार की वरिष्ठ महिला को 18000 भूमिहीनों को जमीन

- 2 मुफ्त एलपीजी सिलेंडर भी,जेके के लिए बीजेपी ने खोला चुनावी पिटारा
- जम्मू-कश्मीर के लिए बीजेपी का घोषणा पत्र जारी,5 लाख रोजगार का वादा

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी ने शुक्रवार शाम अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। इस मौके पर गृहमंत्री अमित शाह ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि अनुच्छेद 370 की कभी वापसी नहीं हो सकती है।

बीजेपी के इस घोषणापत्र में पार्टी ने महिलाओं से लेकर युवाओं छात्रों पर ज्यादा फोकस किया है। इसके साथ ही केंद्रीय अमित शाह ने पार्टी के घोषणापत्र का जिक्र करते हुए यह भी ऐलान किया कि राज्य के धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। गृहमंत्री अमित






शाह ने कहा कि कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों का हर साल 3 हजार रुपए यातायात भत्ता दिया जाएगा। इसके अलावा 10वीं क्लास में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स को टेबलेट और लैपटॉप मिलेगा। महिलाओं पर खास फोकस करते हुए गृहमंत्री ने ऐलान किया कि उज्जवला योजना के लाभार्थियों को हर साल 2 फ्री एलपीजी सिलेंडर दिए जाएंगे। अटल आवास योजना के जरिए भूमिहीन लोगों को 5 मरला जमीन मुफ्त दी जाएगा। जम्मू कश्मीर को लेकर जारी घोषणापत्र में कश्मीरी पंडितों के लिए पुनर्वास योजना शामिल किए जाने पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि योजना बहुत विस्तृत होगी। हम पूर्ण पुनर्वास पर ध्यान देंगे। आतंकवाद के चरम पर रहने के दौरान कई कश्मीरी पंडित और सिख समुदाय के लोग चले गए थे, जिन्हें अपनी संपत्ति बेचने के लिए मजबूर होना पड़ा।

## अब कांग्रेस के लिए 'पहलवानी' करेंगे विनेश और बजरंग

**दिल्ली में पार्टी का थामा हाथ,कहा-बुरे वक्त में कांग्रेस ने दिया साथ**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रेसलर विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने शुक्रवार को कांग्रेस ज्वाइन कर ली। दोनों रेसलर कांग्रेस में शामिल होने से पहले पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से भी मिलने उनके आवास पर पहुंचे। मुलाकात के बाद खरगे ने तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा कि आप दोनों पर हमें गर्व है। न्यूज एजेंसी के सूत्रों की मानें तो विनेश फोगाट कांग्रेस के टिकट पर हरियाणा विधानसभा चुनाव लड़ेंगी। वहीं, बजरंग पुनिया विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे और



उन्हें हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए हरियाणा कांग्रेस की प्रचार समिति का सह-अध्यक्ष नियुक्त किया जा सकता है। इससे पहले बुधवार को विनेश और बजरंग ने नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से भी मुलाकात की थी, जिसके बाद दोनों के कांग्रेस ज्वाइन करने की अटकलें तेज हो गई थीं। हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए पांच अक्टूबर को वोटिंग होनी है, जबकि आठ अक्टूबर को नतीजों का ऐलान होगा। कांग्रेस ज्वाइन करने से ठीक पहले विनेश फोगाट ने निजी कारणों का हवाला देते हुए भारतीय रेलवे से इस्तीफा भी दे दिया। उन्होंने अपने त्यागपत्र की तस्वीर के साथ एक्स पर पोस्ट किया, भारतीय रेलवे की सेवा करना मेरे जीवन का एक यादगार और गौरवपूर्ण समय रहा है। विनेश उत्तरी रेलवे में विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) के पद पर कार्यरत थीं।

## कोलकाता केस में पूर्व प्रिंसिपल के 6 ठिकानों पर रेड

- मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ऐक्टिव हुई ईडी, की बड़ी कार्रवाई

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष पर वित्तीय गड़बड़ियों का आरोप है। इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ईडी) ने पीएमएलए के तहत मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज कर लिया है। शुक्रवार को ईडी ने 6 ठिकानों पर छापा मारा। इसमें घोष का बेलियाघाटा वाला घर भी शामिल है। इसके अलावा एजेंसी हावड़ा और सुभाषग्राम में अन्य दो स्थानों पर भी छानबीन कर रही है। उधर इस मामले की जांच सीबीआई भी कर रही है।




कलकत्ता हाईकोर्ट ने 13 अगस्त को सीबीआई को आरजी कर रेप-हत्या केस और अस्पताल में वित्तीय गड़बड़ी की जांच सौंपी थी। सीबीआई जांच के खिलाफ घोष की याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी है। सीबीआई ने घोष को 2 सितंबर को गिरफ्तार किया था। वह 8 दिन की सीबीआई कस्टडी में है। पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग घोष को सस्पेंड कर चुका है। इससे पहले 28 अगस्त को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने संदीप घोष की सदस्यता रद्द कर दी थी। संदीप घोष ने घटना के अगले दिन रेनोवेशन का ऑर्डर दिया। इस बीच 5 सितंबर को सीबीआई की जांच में सामने आया है कि संदीप घोष ने ही कमरों के रेनोवेशन का ऑर्डर दिया था।

## मणिपुर में दो ड्रोन हमलों के बाद ऐक्टिव हुआ केंद्र

**पहली बार एंटी-ड्रोन मशीन गन का होगा इस्तेमाल,दी मंजूरी**

**इंफाल (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने पहली बार मणिपुर में एंटी ड्रोन मीडियम मशीन गन के इस्तेमाल की मंजूरी दी है। यह फैसला 1-3 सितंबर के बीच राज्य में दो ड्रोन हमलों के बाद लिया गया है। राज्य में मार्च 2023 से कुकी और मैतेई समुदाय के बीच हिंसा चल रही है। मणिपुर में इंफाल जिले के सेजम चिरांग गांव में 3 सितंबर की शाम उग्रवादियों ने ड्रोन अटैक किया था, जिसमें में एक महिला समेत 3 लोग घायल हुए थे। वहीं 1 सितंबर को कोत्रुक गांव में भी ड्रोन से हमला किया गया था। जिसमें दो की मौत और 9 घायल हुए थे। ये आशंका जताई जा रही है कि कुकी उग्रवादियों को ड्रोन वॉरफेयर के लिए म्यांमार से टेक्निकल सपोर्ट और ट्रेनिंग मिल रही है, या वे सीधे तौर पर इसमें शामिल



हैं। मणिपुर सरकार ने इन ड्रोन अटैक की जांच करने के लिए हाई लेवल कमेटी का गठन किया है। अधिकारी बोले- पहाड़ी इलाकों में केंद्र की तरफ से सुरक्षाबलों की 198 कंपनियां मौजूद मणिपुर के डीजीपी राजीव सिंह ने कहा था कि यह ड्रोन हमला एक नई घटना है। हम इसे बहुत गंभीरता से ले रहे हैं।

हमने दिल्ली में डायरेक्टर जनरल और उनकी टीम से बात की है। कई अन्य विशेषज्ञ भी आ रहे हैं और हमने ड्रोन हमलों की जांच और इन्हें रोकने के लिए एक समिति भी बनाई है। हमारे पास इन्हें रोकने के कुछ उपाय हैं, जिन्हें हम लागू करने की कोशिश कर रहे हैं। इसके अलावा जिन पहाड़ी इलाकों में हमले हुए हैं, वहां हमारे अभियान जारी हैं। मामले में हमें केंद्र भी पूरा समर्थन मिल रहा है। केंद्रीय बलों की लगभग 198 कंपनियां यहां मौजूद हैं। ड्रोन हमले के बाद गांव के सभी 17 परिवार भागे इंफाल वेस्ट जिले के कौत्रुक गांव में ड्रोन अटैक के बाद दहशत है। यहां के सभी 17 परिवार गांव छोड़कर भाग गए हैं। सभी अपनी जान बचाने के लिए घर छोड़कर सुरक्षित जगहों जैसे इंफाल, खुरखुल और सेक्माई चले गए हैं। लोगों में डर है।

### सचिव पीएचई ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से रीवा और शहडोल संभाग की समीक्षा करते हुये दिये निर्देश

# हर घर में नल से पानी पहुंचाने के लिए करें कार्य

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** पीएचई विभाग के सचिव श्री पी नरहरि ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से रीवा तथा शहडोल संभाग में जलजीवन मिशन के कार्यों एवं नलजल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। श्री नरहरि ने कहा कि जल जीवन मिशन दुनिया में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति की सबसे बड़ी परियोजना है। हर घर में नल से पानी पहुंचाने के लिए बहुत बड़ी धनराशि व्यय की जा रही है। जल जीवन मिशन से स्वीकृत योजनाओं का कार्य पूरा होने के बाद पेयजल का संकट पूरी तरह से समाप्त हो जाएगा। साथ ही जल जनित बीमारियों पर भी पूरी तरह से नियंत्रण हो जाएगा। हर घर में नल से जल पहुंचाने के लिए प्रशासनिक अधिकारी और इंजीनियर पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। कमिश्नर और कलेक्टर नलजल





योजनाओं की प्रगति की हर माह समीक्षा करें। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पूर्ण नलजल योजनाओं को ग्राम पंचायतों को हैण्डओवर कराने एवं हर घर में नल कनेक्शन कराने में पीएचई विभाग को पूरा सहयोग दें।

सचिव श्री नरहरि ने कहा कि सभी जिलों में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित कर सांसदगण, विधायकगण एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को समूह नलजल योजनाओं की प्रगति तथा जल जीवन मिशन के कार्यों की पूरी जानकारी दें। पाइपलाइन बिछाने के लिए क्षतिग्रस्त सड़कों का 15 दिवस में सुधार कराएं। जिन एकल नलजल योजनाओं का कार्य पूरा हो गया है उनसे शत-प्रतिशत घरों में नल के कनेक्शन कराकर पानी की आपूर्ति कराएं। साथ ही शत-प्रतिशत कवरेज वाले गांवों की जानकारी ऑनलाइन दर्ज कराएं। एकल नलजल योजनाओं के कार्य 31 दिसम्बर तक अनिवार्य रूप से पूरा कराकर उन्हें ग्राम पंचायतों को हैण्डओवर कराएं। सचिव श्री नरहरि ने सीधी और शहडोल में जिला जल स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित न कराने पर नाराजगी व्यक्त की।

बैठक में जल जीवन मिशन के प्रबंध संचालक केव्हीएस चौधरी ने बताया कि रीवा में कंदैला समूह नलजल योजना का कार्य लगभग पूरा हो गया है। बाणसागर एक तथा बाणसागर दो समूह नलजल योजनाओं का कार्य तेजी से किया जा रहा है। सीधी बाणसागर समूह नलजल योजना का कार्य भी 60 प्रतिशत पूरा हो गया है। सोन घड़ियाल अभ्यारण्य तथा संजय टाईगर रिजर्व में कार्य की अनुमति के बाद शेष कार्य पूरा होगा। सिंगरौली की बैढ़न एक परियोजना में 74 प्रतिशत तथा बैढ़न दो परियोजना में 68 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। सीधी की गुलाब सागर परियोजना का कार्य धीमा है। समूह नलजल योजनाओं के कार्य की लगातार समीक्षा की जा रही है। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से शहडोल, उमरिया तथा अनूपपुर जिले की नलजल योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कमिश्नर कार्यालय के वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष से अपर कमिश्नर अरूण परमार, अधीक्षण यंत्री पीएचई जेएस धुर्वे, जल निगम के संभागीय प्रबंधक चित्रांशु शामिल हुए।

## कंपोजिट मदिरा दुकान बरौली को आबकारी विभाग की खुली छूट!




### खुलेआम करायी जा रही पैकारी, शिकायत पर नही होती कोई कार्यवाही

**मीडिया ऑडीटर, जवा (निप्र)।** आबकारी विभाग की शह पर कंपोजिट मदिरा दुकान बरौली के संचालक द्वारा मनमानी की जार रही है। जिला कलेक्टर के आदेशों को भी ठेकेदार खुली चुनौती दे रहा है। जिनके द्वारा खुलेआम पूरे जवा बाजार में गोमितियो, ठेले, दुकानों में एवं गांव-गांव में पैकारी करायी जा रही है। जिसकी कई बार समाचार पत्रों में प्रकाशन किया जा रहा है फिर भी आबकारी विभाग की आंख नही खुल रही।

सूत्र बताते हैं कि शराब ठेकेदार की पकड़ आबकारी विभाग के सहायक उपायुक्त और उपायुक्त से है इसी वजह से ठेकेदार जिला कलेक्टर के निर्देशों को धता बता रहे हैं। यहां पर देखा गया कि मदिरा दुकान के बगल में खड़े होकर रात्रि 11 बजे तक शराबी शराब पीते नजर आते रहते हैं। बताया ये भी जाता है कि कंपोजिट मदिरा दुकान बरौली में रेट लिस्ट भी चस्पा नहीं है जिस कारण ग्राहकों से मनमानी राशि वसूली करते हैं। शिकायत पर विभाग के द्वारा ध्यान नहीं दिया जाता है।मदिरा दुकान द्वारा गांव-गांव में पैकारी कराने से क्षेत्र के युवा नशे के गर्त में डूबता जा रहा है, लेकिन कोई देखने सुनने वाला नहीं है।

## जवा में 40 किलोग्राम गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार



**मीडिया ऑडीटर, जवा (निप्र)।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देते हुये गांजे की खेप के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। क्षेत्र नशे के अवैध कारोबार की लगातार शिकायत मिलने के बावजूद जवा पुलिस के द्वारा कारगर कार्यवाही नहीं की जा रही है। जिससे आरोपियों के हौसले बुलंद हैं।

लगातर मिल रही शिकायत के बाद डभौरा एसडीओपी रूपेंद्र धुर्वे द्वारा सख्ती की जा रही है।04 सितंबर को रात्रि करीब 11 बजे मुखबिर की सूचना पर एसडीओपी डभौरा द्वारा थाना जवा, थाना जनेह एवं थाना अतरैला पुलिस की टीम गठित की गई। टीमो द्वारा मुखबिर के बताये अनुसार जवा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम इटौरी मडैचा नहर के पास में आरोपी सत्येंद्र मिश्रा उर्फ लालू मिश्रा पिता माहेश्वरी मिश्रा उम्र 35 वर्ष निवासी जवा थाना जिला रीवा के कब्जे से सफेद कलर की बुलेरो जिसकी कीमत 3,50,000 रूपये एवं 39.700 किलोग्राम गांजा जिसकी कीमत 3,97000 रुपये का कुल कीमत 7,47,000 जप्त किया गया हैं। आरोपी उक्त अवैध गांजा को परिवहन कर बिक्री हेतु ले जा रहा था। जिस पर थाना जवा में एनडीपीएस एक्ट सहित विभिन्न धराओं के तहत मामला पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

## प्रकृति से जुड़कर उपलब्ध अनाज व सब्जियों का उपयोग करने से मिलता है सही मात्रा में पोषक तत्व

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग आर सी त्रिपाठी ने जानकारी देकर बताया है कि पोषण माह के दौरान शुक्र वार को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पूरक पोषण आहार थीम पर विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिले की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं/सेक्टर पर्यवेक्षक द्वारा संचालित आंगनवाड़ी केन्द्रों में अभियान अंतर्गत पोषण रैली, सुपोषण दिवस, पोषण मटका, अन्य मोटे अनाज से बने व्यंजनों एवं हरी सब्जियों का प्रदर्शन कर उपस्थित जन समुदाय को उनका महत्व बताया गया है।



जिला कार्यक्रम अधिकारी ने जिले के सभी महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को अपने भोजन में देशी अनाज एवं मौसमी फल-फूल तथा सब्जियों के उपयोग पर जोर देते हुये मोटे अनाजो में छुपे पोषक तत्वों के बारे में विस्तृत रूप से समझाया गया है। वर्तमान समय में गर्भावस्था से ही महिला एवं अन्य परिवार बाजार में मिलने वाले मैगी, चाउमिन, नूडल्स आदि खाद्य पदार्थो का शौकिया रूप से भरपूर उपयोग किया जाता है जिससे शिशु के पैदा होने के पूर्व से ही उसका स्वास्थ्य एवं सोच विचार की शक्ति निचले स्तर पर जाने लगती है किन्तु मोटे अनाजों से घर में तैयार किया हुआ भोजन स्वास्थ्य एवं उत्तम संस्कार कोटि के स्तर पर ले जाने में सक्षम है। अतः प्रकृति से जुड़कर उपलब्ध अनाज, सब्जियों का उपयोग करने से सही मात्रा में पोषक तत्व मिल सकता है।

## चुनाव के लिए सेक्टर आफीसर तैनात

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** नगरीय निकाय में रिक्त पार्षद पदों तथा पंचायत राज संस्थाओं में रिक्त पदों के लिए 11 सितम्बर को मतदान कराया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने इन चुनावों के लिए सेक्टर आफीसर तैनात किए हैं। नगर निगम रीवा के वार्ड क्रमांक 5 में सहायक यंत्री बीएल बुंदेला ने तथा नगर परिषद सिरमौर के वार्ड क्रमांक 4 में सहायक यंत्री विद्युत मण्डल नितिन मिश्रा को सेक्टर आफीसर बनाया गया है। पंचायतों के उप चुनाव के लिए जनपद पंचायत रीवा में वार्ड क्रमांक 12 सुमेदा में सहायक यंत्री पीएचई एसके श्रीवास्तव, जनपद पंचायत गंगेव में ग्राम पंचायत महमूदपुर के वार्ड क्रमांक 8 के लिए सहायक यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा निखिल मिश्रा, जनपद पंचायत जवा के वार्ड क्रमांक 4 के लिए सहायक यंत्री जगदीश राजपूत एवं बीआरसीसी जवा विमलेश ओझा को सेक्टर आफीसर बनाया गया है। इनके साथ-साथ पाँच रिजर्व सेक्टर आफीसर भी तैनात किए गए हैं।

## रोगी की तीन नसों में था ब्लॉकेज ऑपरेशन कर बचाई जान



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल रीवा विन्ध्य में जटिल रोगों के सफलतापूर्वक उपचार का केन्द्र बनता जा रहा है। सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में कई गंभीर रोगियों का सफलतापूर्वक उपचार किया गया। हास्पिटल में गत दिवस हृदय रोग से पीड़ित 66 वर्षीय वृद्ध उपचार के लिए भर्ती किया गया। एन्जियोग्राफी कार्डियोलाजी विभाग में डॉ व्हीडी त्रिपाठी ने रोगी की जाँच की।

जाँच में रोगी की हृदय की तीन नसों में ब्लॉकेज पाया गया। अधीक्षक अजय श्रीवास्तव ने बताया कि यदि इन ब्लॉकेज को समय पर नहीं खोला जाता तो रोगी की जान जा सकती थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए हृदय रोगी को तत्काल सीटीव्हीएस विभाग में रेफर किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ अविजीत सिंह ने तत्काल रोगी का उपचार शुरू किया। विभिन्न डॉक्टरों के सहयोग से तथा हार्ट लंग मशीन का उपयोग करके रोगी की जान बचाई गई।

लगभग एक घण्टे चले सफल ऑपरेशन के बाद रोगी को राहत मिली। उसे गहन सुरक्षा कक्ष में भर्ती करके उसकी स्थिति पर लगातार निगरानी की गई। समय पर उपचार सुविधा मिलने तथा तत्काल ऑपरेशन होने से हृदय रोगी की जान बच गई। इस जटिल ऑपरेशन को सफल बनाने में मुख्य सर्जन डॉ आशीष खनीजो, डॉ सचिन, डॉ धीरज, डॉ सुरभि, डॉ कुशल हजेला तथा डॉ राजीव द्विवेदी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## मृत बाघ के पोस्टमार्टम उपरांत मृत्यु के कारणों का निर्धारण किया जा सकेगा

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** क्षेत्र संचालक संजय टाईगर रिजर्व सीधी ने जानकारी देकर बताया है कि दिनांक 05.09.2024 को सायंकाल में संजय टाईगर रिजर्व सीधी के ब्यौहारी बफर परिक्षेत्र के बीट बड़काडोल में गस्ती दल को पुराने उपयोग विहीन कुंआ में नर बाघ मृत देखा गया, नर बाघ की उम्र लगभग 07 वर्ष पाई गई। मृत बाघ को कुंआ से निकालकर वन कर्मियों द्वारा सुरक्षित अपने कब्जे में लिया गया, मृत बाघ का संपूर्ण शरीर विद्यमान है। क्षेत्र संचालक संजय टाईगर रिजर्व द्वारा बाघ के शव विच्छेदन (पोस्टमार्टम) के लिए 05 सदस्यीय दल का गठन किया गया, जिसमें 02 वन्यप्राणी चिकित्सक के साथ राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के प्रतिनिधि शामिल है।

मृत बाघ के पोस्टमार्टम उपरांत मृत्यु के कारणों का निर्धारण किया जा सकेगा। सम्पूर्ण कार्यवाही राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण द्वारा प्रसारित मानक प्रक्रिया अनुरूप संपादित की जा रही है।

## जन अभियान परिषद ने मनाया शिक्षक दिवस

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** मध्य प्रदेश जन अभियान जिला सीधी के तत्वाधान में शिक्षक दिवस 5 सितंबर के उपलक्ष्य में सीधी जिले के अंतर्गत पांचों विकासखंड की 25 नव अंकुर संस्थाओं के द्वारा शिक्षक सम्मान का कार्यक्र म अलग-अलग विद्यालय परिवार में जाकर मनाया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला एवं विकासखंड की सहभागिता की गई। कार्यक्रम में सेवानिवृत शिक्षक एवं वर्तमान में कार्य करने वाले शिक्षकों का सम्मान और गौरव बढ़ाते हुए विद्यार्थियों के बीच में शिक्षकों के प्रति सम्मान हेतु वातावरण बनाने का कार्य करते हुए भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जीवन पर चरित्र चित्रण एवं उनके द्वारा राष्ट्र निर्माण के लिए सामाजिक और राष्ट्रीय चिंतन पर व्याख्यान के कार्यक्र म के माध्यम से आने वाली युवा पीढ़ी जिनके कंधों पर देश का भार एवं जिम्मेदारियां आने वाली है, उन्हें अवगत कराने का कार्य हुआ। मुख्य रूप से बड़े स्तर पर मझौली विकासखंड के सेक्टर ताला में सत्य सरोवर समाज सेक्टर चमराडोल में नम्रता सेवा संस्थान बिजवाड़ सेक्टर में प्रतिभा





शिक्षा समिति खड़ौरा सेक्टर में यथार्थ लाल सेवा समिति, इसी प्रकार के कुसमी विकासखंड से टाइगर ग्राम विकास समिति शिवाजी सेवा समिति विंद कौटिल्य शिक्षा समिति सिहावल विकासखंड से गीतांजलि सेवा समिति रामपुर नैकिन विकासखंड से सेक्टर हनुमानगढ़ के अंतर्गत दीनदयाल सेवा समिति एवं भीतरी सेक्टर के अंतर्गत अटल सेवा समिति ने उत्साह पूर्वक शिक्षकों का सम्मान कर सकारात्मक संदेश देते हुए शिक्षक दिवस मनाया।

## जिला आपूर्ति अधिकारी ने वेयरहाउस की भण्डारण गुणवत्ता की जांच की

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जिला आपूर्ति अधिकारी नागेन्द्र सिंह के साथ कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी संदीप तिवारी, आर.एम. शुक्ला एवं अभिषेक सनोडिया के साथ में दिनांक 04 एवं 05 सितंबर को वेयरहाउस की भण्डारण गुणवत्ता की शिकायत मिलने पर जॉच की गई। जॉच प्रदाय केन्द्र मधुरी 1, जेव्हीएस गोदाम कोठार, केबीएस गोदाम पटपरा की जॉच के दौरान चावल में जीवित कीड़े लगे पाये गये। वेयरहाउस से संचालकों द्वारा उक्त गोदामों में कीटनाशक दवाईयों का उपयोग नहीं किया गया है इस वजह से कीड़ा युक्त चावल पाया गया जिसका सेम्पल भी लिया गया। तीनों वेयरहाउस संचालकों के विरूद्ध प्रकरण तैयार किया गया। प्रकरण कलेक्टर सीधी के समक्ष प्रस्तुत किया जावेगा, साथ ही कीड़े युक्त चावल का प्रदाय करने में रोक लगा दी गई है। इन गोदाम संचालकों को आगामी उपार्जन केन्द्र व भण्डारण से वंचित करते हुए ब्लैक लिस्ट करने की कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी।

## श्री गणेसोत्सव धूमधाम से मनाने सभी तैयारियां पूर्ण

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।**गत वर्षा की भाँति इस वर्ष भी श्री गणेसोत्सव धूमधाम से भव्य रूप से मनाने श्री गणेश समितियों ने आकर्षक एवं कलात्मक मूर्तियो के विशाल पंडाल सजाये है साथ ही नगर में स्वागत द्वार एवं सजावट कराई जा रही है। भगवान गणपति के आगमन से समूचे नगर में भक्ति मय वातावरण बन चुका है। इस वर्ष हिन्दू उत्सव समिति धर्मपरिवर ने महानगर संस्कृति के अनुरूप चल विसर्जन समारोह को परिवर्तित कर नगर के हर वार्ड में स्थापित 5-10 श्री गणेश प्रतिमाओ को समितियों द्वारा स्वतः समय निर्धारित कर समूह रूप से निकाला जायेगा ताकि जिला पुलिस प्रशासन को अतिरिक्त पुलिस बल की व्यवस्था एवं सुरक्षा में कोई परेशानी ना हो।

## 25वीं राज्य स्तरीय वूशु प्रतियोगिता सिवनी के लिए सीधी के खिलाड़ी रवाना

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** पुलिस अधीक्षक तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस सामुदायिक भवन में (वूशु ट्रैनिंग सेंटर पुलिस लाइन सीधी) में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाता है।

विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी सीधी जिले के वूशु मार्शल आर्ट्स के खिलाड़ी 25 वी राज्य स्तरीय चौंपियनशिप जोकि सिवनी जिले में दिनांक 7 से 8 सितंबर 2024 को आयोजित हो रही, सीधी से 15 खिलाडियों का दल रवाना हुई। यह मध्य प्रदेश की राज्य स्तर की प्रतियोगिता है, जिसमें सभी जिलों के सब जुनियर एवं सीनियर वर्ग के खिलाड़ी भाग लेंगे।

भाग लेने वाले वूशु खिलाड़ी वैष्णवी त्रिपाठी 45 केजी, अनिशा



यादव 56 केजी, अवनी मिश्र 20 केजी, आलसीला केवट 42 केजी, ईक्षा तिवारी 65 केजी, आयुष कुमार वर्मा 56 केजी, आशुतोष केवट 24 केजी, सुरियांस सिंह चौहान 32 केजी, अनुज तिवारी 38 केजी, पियूष प्रताप सिंह 48 केजी, पवन यादव 80 केजी, बाल कुमार लीनिया 60 केजी, जगमोहन कुशवाहा 52 केजी, अंकित सेन 48 केजी, काजू सोधिया ताऊलू में टीम मैनेजर गुंजन मिश्रा है। ये सभी खिलाडी वूशु ट्रैनिंग सेंटर पुलिस लाइन सीधी में मानिंद शेर अली खान वूशु कोच के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं।

प्रतियोगिता का आयोजन तीन आयु समूहों में किया जाएगा। जिनसे सिनियर 18 वर्ष और उससे अधिक, सब जूनियर 12 से 14 वर्ष, सबजूनियर 12 वर्ष से कम। प्रतियोगिता प्रारूपरू प्रतियोगिता अंतर्राष्ट्रीय वुशु महासंघ, भारतीय वुशु संघ एवं मध्य प्रदेश वूशु संघ के नियमों के अनुसार आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता के बाद, प्रथम स्थान पाने वाले खिलाड़ियों को शीर्ष रैंक वाले खिलाड़ियों को सीनियर राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए चुना जाएगा। इस स्पर्धा में चयनित सीनियर खिलाड़ी आगामी सीनियर राष्ट्रीय स्पर्धा देहरादून में दिनांक 22 सितंबर से भाग लेंगे। मध्य प्रदेश से सभी वर्गों के कुल 52 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्पर्धा हेतु किया जाएगा। सब जूनियर राष्ट्रीय स्पर्धा का आयोजन दिसंबर में ओडिसा में प्रस्तावित है।

स्पर्धा में अंतर्राष्ट्रीय पदक प्राप्त खिलाड़ी, राष्ट्रीय पदक विजेता व अन्य सभी खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। ज्ञात हो की आगामी राष्ट्रीय खेलों देहरादून हेतु खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए किया जायेग। पुलिस अधीक्षक डॉ रविंद्र कुमार वर्मा एवं जिला खेल अधिकारी अरविंद कुमार श्रीवास्तव के द्वारा इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए मेडल लाने हेतु शुभकामनाएं दी गई। खेल खेलो स्वस्थ रहो व राष्ट्रभिमान बढ़ाओ। सभी युवा व युवतियों को खेल की तरफ अपना समय देना चाहिए पढ़ाई से साथ साथ क्योंकि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है और स्वस्थ मन में स्वस्थ विचार आता है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रीवा (म. प्र.)**

क्रमांक 3044/2/न.पा.नि./राजस्व/2024-25 रीवा, दिनांक 6/9/2024

**अचल सम्पत्ति नामांतरण विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व नगर सुधार न्यास रीवा की योजना क्रमांक-8 नेहरू नगर रीवा जो नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व में है, में स्थित भूखण्ड क्रमांक 2/20/484 क्षेत्रफल 1537.12 वर्गफिट श्री क्षेत्रपाल सिंह चौहान पिता स्व. श्री मूरत सिंह चौहान को 30 वर्षीय लीज पर आवंटित है, श्री क्षेत्रपाल सिंह चौहान पिता स्व. श्री मूरत सिंह चौहान उक्त भूखण्ड का श्रीमती वन्दना सिंह पति श्री धर्मेंद्र कुमार सिंह निवासी वेनी सागर जिला पन्ना (म.प्र.) के नाम नामान्तरण किये जाने हेतु दिनांक 14.06.2024 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड क्रमांक 2/20/484 के नामांतरण में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो, तो समाचार पत्रों में इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस की अवधि तक कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा में प्रमाणित अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात कोई आवेदन/आपत्ति न तो ग्रहण की जावेगी और न ही मान्य की जावेगी। तत्पश्चात आवेदक श्री क्षेत्रपाल सिंह चौहान पिता स्व. श्री मूरत सिंह चौहान निवासी वेनी सागर जिला पन्ना (म.प्र.) के आवेदन अनुसार भूखण्ड क्रमांक 2/20/484 का नामान्तरण श्रीमती वन्दना सिंह पति श्री धर्मेंद्र कुमार सिंह निवासी वेनी सागर जिला पन्ना (म.प्र.) के नाम करने की कार्यवाही की जावेगी।

**उपायुक्त ( राजस्व )**
**नगर पालिक निगम रीवा ( म.प्र. )**

# विचार

## भारत में ऑनलाइन गेमिंग में महिलाओं और छोटे शहरों का बढ़ता रूझान

तकनीकी क्रांति के दौर में दुनिया तेजी से बदल रही है। इस परिवर्तन के साथ जहां अनगिनत फायदे सामने आए हैं, वहीं कुछ गंभीर चुनौतियां भी उभर कर आई हैं। हालांकि, इन चुनौतियों के बावजूद तकनीकी विकास को रोक पाना संभव नहीं है। यह हमारा कर्तव्य है कि हम इस प्रगति के सकारात्मक पहलुओं को अपनाएं और नकारात्मक प्रभावों से बचें। यह बात न केवल रोजमर्रा की जिंदगी में लागू होती है, बल्कि भारत में तेजी से बढ़ रहे ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर पर भी सटीक बैठती है। ऑनलाइन गेमिंग उद्योग भारत में तेजी से उभर रहा है, और इसका उदाहरण यह है कि इसे खेलने वाले लोगों में 41 प्रतिशत महिलाएं हैं, और 66 प्रतिशत से अधिक गेमर्स छोटे शहरों से हैं। भारत में लूडो की सबसे बड़ी ऑनलाइन गेमिंग कंपनी %जुपी% के चीफ ऑफ पॉलिसी अश्विनी राणा के अनुसार, यह एक संकेत है कि ऑनलाइन गेमिंग की लोकप्रियता समाज के सभी वर्गों में फैल रही है। उन्होंने इस तथ्य पर जोर दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ऑनलाइन गेमिंग उद्योग की सराहना की है, क्योंकि यह क्षेत्र भविष्य में मानव जीवन को बदलने वाले अनुसंधानों का केंद्र बन सकता है। जुपी की स्थापना 2018 में आईआईटी कानपुर के पूर्व छात्र दिलशेर सिंह द्वारा की गई थी। इस कंपनी ने बहुत कम समय में भारतीय ऑनलाइन गेमिंग बाजार में एक प्रमुख स्थान हासिल कर लिया है। भारत का ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर अब चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। हालांकि, इस सेक्टर की तेज़ी से बढ़ती लोकप्रियता के साथ कुछ चिंताएं भी सामने आई हैं, विशेष रूप से गेम की लत के संदर्भ में। अश्विनी राणा ने इस मुद्दे पर कहा कि किसी भी चीज की लत हो सकती है, चाहे वह मोबाइल फोन हो, टीवी हो, सोशल मीडिया हो, या फिर शराब और तंबाकू। यह महत्वपूर्ण है कि हम अपनी सीमाएं स्वयं तय करें और इन आदतों को नियंत्रण में रखें। ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर में अच्छी और बुरी दोनों तरह की कंपनियां हैं। विदेशी कंपनियां, जो जुआ खेलने के लिए लोगों को प्रेरित करती हैं, भारतीय बाजार में भी सक्रिय हैं। लेकिन %जुपी% जैसी भारतीय कंपनियों का मुख्य फोकस ऑनलाइन खेलों पर है, जिसमें कई सुरक्षा उपाय और सीमाएं लगाई गई हैं। उदाहरण के लिए, दांव लगाने की सीमा तय है, और 18 वर्ष से कम उम्र के लोग इन खेलों में भाग नहीं ले सकते। इसके अलावा, लूडो जैसे खेलों की अवधि सीमित होती है, और अधिक समय तक खेलने पर गेमर को अलर्ट भी मिलता है।

# हरियाणा में यूपी के दलों की दावेदारी- सत्ता का सपना पूरा होगा या सिर्फ वोट कटवा बनेंगे?

*अजय कुमार*

***हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 में उर प्रदेश की सियासत के प्रभावशाली दल अपनी किस्मत आजमाने के लिए पूरी ताकत के साथ मैदान में उत्तर रहे हैं। समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, राष्ट्रीय लोकदल और आजाद समाज पार्टी जैसी प्रमुख पार्टियां हरियाणा की सियासत में अपनी पैठ बनाने की कोशिश कर रही हैं। इन दलों ने अपनी चुनावी रणनीति जातीय और सामाजिक समीकरणों पर आधारित बनाई है। जहां बसपा और आजाद समाज पार्टी दलित वोटरों को अपना आधार मानकर चुनावी मैदान में उतरी हैं, वहीं समाजवादी पार्टी यादव-मुस्लिम समीकरण का फायदा उठाने की योजना बना रही है। दूसरी ओर, राष्ट्रीय लोकदल जाट समुदाय के आधार पर हरियाणा में अपनी पहचान को विस्तार देने का प्रयास कर रहा है।***



इस स्थिति में यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या ये उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय दल हरियाणा की सियासत में प्रभावी हो पाते हैं या सिर्फ वोट कटवा पार्टी बनकर रह जाते हैं। हरियाणा की राजनीति में बीजेपी और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला माना जा रहा है। 2024 के लोकसभा चुनाव ने भी यही स्थिति दर्शाई थी। कांग्रेस और बीजेपी के बीच सीधा संघर्ष होने के कारण हरियाणा के क्षेत्रीय दलों की स्थिति सियासी हाशिए पर चली गई है। इनेलो और जेजेपी जैसे दलों की सियासी उपस्थिति में काफी कमी आई है। इस परिदृश्य में इन दलों ने दलित आधार वाले दलों के साथ गठबंधन किया है। कांग्रेस बनाम बीजेपी की इस लड़ाई में उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय दल किस तरह का प्रदर्शन कर पाएंगे, यह देखने योग्य होगा। उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी ने सत्ता में चार बार पहुंचकर अपने प्रभाव का प्रदर्शन किया है, लेकिन हरियाणा में उसकी स्थिति हमेशा कमजोर रही है। इस बार मायावती ने हरियाणा में इनेलो के साथ गठबंधन किया है। इसी तरह, आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने दुष्यंत चौटाला की पार्टी जेजेपी के साथ मिलकर चुनावी मैदान में उतरने का फैसला किया है। समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस के साथ गठबंधन करने की कोशिश की है, जबकि राष्ट्रीय लोकदल ने बीजेपी के साथ मिलकर चुनाव लड़ने की योजना बनाई है। हरियाणा में बसपा और इनेलो ने जाट-दलित समीकरण को ध्यान में रखकर गठबंधन किया है। इस समझौते के तहत बसपा 34 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि बाकी सीटों पर इनेलो अपने प्रत्याशी उतारेगी। 2019 के चुनाव में बसपा हरियाणा में खाता नहीं खोल पाई थी, लेकिन उसे 4.21 प्रतिशत वोट प्राप्त हुए थे। इनेलो ने पिछले चुनाव में 2.44 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे, जबकि इससे पहले यह आंकड़ा 24 प्रतिशत था। 2024 के लोकसभा चुनाव में इनेलो को 1.74 प्रतिशत और बसपा को 1.28 प्रतिशत वोट मिले थे। बसपा की कमान युवा नेता आकाश आनंद के हाथ में है, और पार्टी अनुसूचित जाति के 21 प्रतिशत मतदाताओं के सहारे हरियाणा में अपनी स्थिति मजबूत करना चाहती है। बसपा ने 34 सीटों पर चुनाव लड़ने की योजना बनाई है, जिसमें उसकी सफलता की चुनौती बनी हुई है। 2024 के चुनाव में जाट और दलित वोटों का झुकाव कांग्रेस की ओर दिखा है, जिससे बसपा के लिए हरियाणा में अपनी स्थिति स्थापित करना मुश्किल हो सकता है। अगर बसपा का वोट शेयर लगातार गिरता रहा, तो पार्टी कहीं वोट कटवा पार्टी न बन जाए, यह चिंता बनी रहती है। चंद्रशेखर आजाद ने अपनी आजाद समाज पार्टी का राष्ट्रीय विस्तार करने के लिए हरियाणा में जेजेपी के साथ गठबंधन किया है। जेजेपी, जो इनेलो से टूटकर बनी है, ने 2019 में हरियाणा की सियासत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, लेकिन पिछले पांच वर्षों में उसे अपने सियासी अस्तित्व को बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ा है। चंद्रशेखर ने जेजेपी के साथ मिलकर चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। हरियाणा की 90 सीटों में से जेजेपी 70 और आजाद समाज पार्टी 20 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इस गठबंधन से जेजेपी को अधिक लाभ की उम्मीद है। चंद्रशेखर ने यूपी में दलितों के बीच अपनी पहचान बनाई है, लेकिन हरियाणा में उनकी लोकप्रियता सीमित है। कांग्रेस सांसद कुमारी शैलजा और उदयभान जैसे दलित चेहरे राज्य में प्रभावी रहे हैं। ऐसे में चंद्रशेखर के लिए जेजेपी के साथ मिलकर हरियाणा में सफलता प्राप्त करना एक चुनौती हो सकती है। समाजवादी पार्टी ने 2024 में उत्तर प्रदेश की 80 सीटों में से 37 सीटें जीतकर अपनी ताकत साबित की है। अखिलेश यादव ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में अपनी किस्मत आजमाने का फैसला किया है। समाजवादी पार्टी कांग्रेस के साथ गठबंधन करके चुनावी मैदान में उतरना चाहती है, लेकिन अभी तक दोनों दलों के बीच कोई ठोस समझौता नहीं हुआ है। कांग्रेस के नेता विधानसभा चुनाव में किसी अन्य दल के साथ गठबंधन करने के लिए तैयार नहीं हैं। सपा ने यह भी तय किया है कि अगर कांग्रेस उसे सीट नहीं देती है, तो वह अकेले चुनाव लड़ने की योजना बना रही है। 2019 में हरियाणा विधानसभा चुनाव में सपा का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था, जहां वह चार सीटों पर लड़ी थी और सभी की जमानतें जब्त हो गई थीं। फिर भी, सपा ने चुनाव लड़ने के लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है और यादव और मुस्लिम प्रभाव वाली सीटों पर ध्यान केंद्रित किया है। पार्टी की रणनीति यह है कि चाहे सीट मिले या न मिले, लेकिन उसकी पहचान बने और उसे हरियाणा में अपनी स्थिति स्थापित करने में मदद मिले। यह देखना होगा कि सपा इस बार कितना प्रभाव डाल पाती है। राष्ट्रीय लोकदल केंद्र में एनडीए गठबंधन का हिस्सा है और इसके प्रमुख जयंत चौधरी मोदी सरकार की कैबिनेट में हैं। हरियाणा में जाट वोटरों की ताकत को देखते हुए आरएलडी ने विधानसभा चुनाव लड़ने का फैसला किया है। जयंत चौधरी के दादा चौधरी चरण सिंह की ससुराल सोनीपत के गांव गढ़ी कुंडल में है और वह खुद जाट समुदाय से आते हैं। राज्य में जाट वोटर लगभग 28 प्रतिशत हैं। आरएलडी की योजना बीजेपी के साथ मिलकर चुनाव लड़ने की है और उसने पांच सीटों पर चुनाव लड़ने का प्लान बनाया है। बीजेपी जाट वोटरों को अपने साथ जोड़ने के लिए आरएलडी को दो से तीन सीटें दे सकती है। हरियाणा की राजनीति में कांग्रेस का विकल्प पहले लोकदल था, लेकिन अब बीजेपी ने उसकी जगह ले ली है। कांग्रेस आज भी अपनी स्थिति बनाए हुए है। उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय दलों को हरियाणा की राजनीति में अपनी जगह बनाने के लिए कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, इन दलों की उपस्थिति अन्य दलों की संभावनाओं को प्रभावित कर सकती है। बसपा और आजाद समाज पार्टी दलित वोटों का बिखराव कर सकती हैं, सपा यादव वोटों को बांट सकती है, और आरएलडी जाट वोटों को विभाजित कर सकती है। इस तरह, इन दलों की उपस्थिति सियासी समीकरणों को बदल सकती है और वोट कटवा पार्टी बनने की संभावना को भी जन्म दे सकती है।

## *शांति के लिए संतुलन जरूरी है*

*अति हमेशा नुकसान दायक है। यह नियम अच्छी और बुरी दोनों आदतों पर लागू होता है। ऋषि-मुनियों ने अति को वर्जित ही बताया है। बुद्ध ने एक शब्द दिया था मंझम मग्न यानी मध्यम मार्ग। जीवन का यह संतुलन उन्हें एक दिन वह सब दिला गया जिसके लिए उनकी पूरी तपस्या थी। अपनी बोध प्राप्त की अवस्था में उनसे एक प्रश्न पूछा गया था जिसका उन्होंने बड़ा सुंदर उत्तर दिया था। किसी का प्रश्न था उनसे अब आपको क्या मिला? क्या वह प्राप्त हो गया जिसके लिए आपके सारे प्रयास थे? बुद्ध ने कहा- नया कुछ नहीं मिला, जो कुछ मेरे पास पहले से था, पाया ही हुआ था, पूर्व उपलब्ध था, उसका ज्ञान हो गया, पता चल गया उसका। वह दौलत अपने ही भीतर थी हम बाहर ढूंढ रहे थे। जिसके कारण बाहर निकला, वो तो मेरे भीतर निकला। हम दो भूलें कर जाते हैं या तो बिल्कुल बाहर संसार पर टिक जाते हैं या एकदम भीतर उतर जाते हैं। ये अतियां हमारे लिए हमारे अध्यात्म की दुश्मन बन जाती हैं। आचार्य श्रीराम शर्मा संसार में संतुलन से चलने के लिए एक अच्छा उदाहरण बताया करते थे। दुनिया में ऐसे चलो जैसे पानी में हाथी चलता है। हाथी जानता है पानी में जल्दबाजी करूंगा तो कीचड़ या गड्ढे में गिर सकता हूं। लिहाजा आगे और पीछे के पैर रखने में वह गजब का संतुलन बनाता है। बस, ऐसा ही संतुलन हमें बाहर और भीतर की यात्रा में रखना होगा। जैसे ही हम संतुलन में आते हैं हमारी अंतर दृष्टि स्पष्ट हो जाती है और हम स्वयं को पहचान जाते हैं। स्वयं को जानते ही परमात्मा दिख जाता है। भगवान होना नहीं पड़ता, बस यह समझना पड़ता है कि हम हैं ही भगवान।*

# उत्तराखण्ड में हो रहे सांप्रदायिक अपराध और उसका निराकरण

**प्रवीण गुगनानी**

श्यामपुर उत्तराखण्ड का एक सुंदर सा गाँव हैं। वहाँ सभी लोग सुख-शांति से अपना जीवन यापन कर रहे होते हैं। अचानक वहां गाँव के किनारे पर एक फ़क़ीर आकर मिट्टी का एक ढेर बनाता है उस पर चादर डालता है और फिर उसके बग़ल में एक झोपड़ी बनाकर रहने लग जाता है। अब श्यामपुर के लोग आते जाते लोगों को वह फ़क़ीर या मज़ार का ख़ादिम बहलाता-फुसलाता है और लोग वहाँ माथा टेकने लगते हैं। लोगों की श्रद्धा को बढ़वाकर वह ख़ादिम दूसरे चरण में भोले-भाले ग्रामीणों से कहता है कि वे अपने खेत में ही एक छोटे से कोने कहीं मज़ार बना देंगे तो वह आकर उस मज़ार पर नमाज़ पढ़कर उसे भी सिद्ध बना देगा। ख़ादिम के बहकावे में आकर वह ग्रामीण ऐसा ही करता है और अपने खेत में मज़ार बनाकर वहाँ प्रतिदिन दिया-बत्ती करने लग जाता है। लोगों का आना जाना बढ़ता है तो वहाँ एक दानपेटी रख दी जाती है। अब ख़ादिम हर सप्ताह आकर उस दानपेटी से राशि निकालकर ले जाता है। शनैः-शनैः वह ख़ादिम, उसी ग्रामीण के पैसों से मज़ार पर टिन डलवा देता है उसे पक्का निर्माण करवा देता है। इधर मज़ार पर लोगों का आना-जाना बढ़ता है उधर गाँव में कुछ और मुस्लिम परिवार आकर बसने लगते हैं और मज़ारें भी बढ़ने लगती है। अचानक गाँव में लव जिहाद की घटनाएँ बढ़ने लगती हैं। गाँव की लड़कियों मुस्लिम लड़कों के झाँसे में आकर अपना सर्वस्व उन्हें सौंपने लगती है। अब गाँव में कभी गर्भस्थ होने से, कभी इज्जत के डर से, कभी मज़ार के ख़ादिम के नाराज़ होने के डर से तो कभी बाहुबल के सहारे हिंदू लड़कियां मुस्लिम लड़कों से निकाह करने लगती हैं। कभी-कभी तो इस कार्य में हिंदू लड़कियों के परिवार भी दबाव में आकर सहमति देने लगते हैं। इस कथा में केवल गाँव का नाम काल्पनिक है बाक़ी सब जो लिखा है वह उत्तराखण्ड के कई-कई ग्रामों की स्थिति का सच्चा कच्चा-चिट्ठा है। उत्तराखण्ड में लैंड जिहाद, लव जिहाद, मतांतरण, व्यापार जिहाद इसी प्रकार हज़ारों ग्रामों में अपने पैर पसार चुका है। इस प्रकार की घटनाओं के बढ़ते जाने पर उत्तराखण्ड की पुष्कर सिंह धामी की सरकार इन घटनाओं का संज्ञान लेती है और स्थिति को समझती है। बात बहुत आगे बढ़ चुकी होती है किंतु पुष्कर सिंह इसे अपनी तेज कार्य योजना से रोकने का प्रयास कर रहे हैं। उत्तराखण्ड सरकार का बुलडोज़र चलने लगता है और ऐसी सैकड़ों नक़ली मज़ारों पर बुलडोज़र चलाकर मज़ारों को ध्वस्त करके मज़ार के आसपास क़ब्ज़ा की गई सैंकड़ों-हज़ारों एकड़ ज़मीन को भी इन ख़ादिमों से मुक्त कराता है। अब शासन-प्रशासन के देखने में यह भी आता है कि शासकीय ही नहीं बल्कि निजी ज़मीन पर भी ये दिखावटी और अपराधी प्रकार के ख़ादिम मज़ारों के सहारे क़ब्ज़ा किए बैठे होते हैं। इन ज़मीनों के हिंदू जनजातीय स्वामी इन अपराधी ख़ादिमों के बहकावे में आकर, जिन्न-जिन्नात के प्रकोप के भय से अपनी ज़मीनें, पैसा, लड़कियां सब कुछ इन अपराधी ख़ादिमों को दे रहे होते हैं। पिछले दिनों देहरादून के समीप पछुवा नामक ग्राम में ऐसे दो प्रकरण देखने में आए थे, जब अवैध मजार को हटाने गये प्रशासन को हिंदू समाज के जनजातीय और अनुसूचित जाति के लोगों ने रोकने का प्रयास किया। इन भोले-भाले हिंदू ग्रामीणों का कहना था कि ये मज़ारें तो उन्होंने स्वयं अपनी मन्नत पूर्ण होने पर बनवाई है। प्रशासन जब मामले की गहराई में



गया तो ग्रामीणों ने बताया कि - उनको किसी कष्ट के निवारण के लिए ख़ादिम ने मजार पर बुलाया तो वे गये थे। इसके बाद वहाँ के ख़ादिम ने उन्हें बहला-फुसलाकर मन्नत करवा ली और उनसे कहा कि आप की इच्छा पूरे होने पर चादर चढ़ाना और अपनी जमीन पर बाबा का मजार बनवा देना फिर आपको इतनी दूर यहाँ आने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी और मज़ार के कारण आपका खेत भी दोगुनी उपज देने लगेगा। कहीं-कहीं तो इन अपराधी ख़ादिमों ने भोले-भाले ग्रामीणों से उनके मंदिरों को ही मज़ार में बदल देने और पूजा पद्धति को बदलने हेतु भयभीत करके तैयार करवा लिया था। कई स्थानों पर निजी ज़मीनों पर बनी इन मज़ारों के पास अन्य मुस्लिम परिवार मित्र बनकर बस जाते और इसके बाद सभी प्रकार के अपराध वहाँ होने लगते। भोले भाले जनजातीय और अनुसूचित जाति के हिंदू ग्रामीण अपनी ज़मीन और लड़कियों को अपने हाथों से छूटते हुए देखते और हाथ मलते ही रह जाते थे। उत्तराखण्ड की पुलिस ने जब इन मज़ारों की जाँच की तो इसके पीछे एक संगठित गिरोह के सक्रिय होने की बात सामने आई। यह गिरोह बेरोज़गार मुस्लिमों को ख़ादिमों के कपड़े पहनवाकर, थोड़ा-बहुत बोलने और झाड़ने फूंकने का प्रपंच सिखाकर लैंड जिहाद व लव जिहाद हेतु तैयार करवाकर इस प्रकार की घटनाएँ करवाता था और बड़ी मात्रा में आस्था के नाम पर लोगों से पैसा भी निकलवा लेता था। बड़ी संख्या में इन मज़ारों पर हिंदू बंधु जाने लगते और धन, संपत्ति, ज़ेवर, खाद्यान्न, फल आदि चढ़ाने लगते। इस चढ़ावे से फलते-फूलते वहाँ के ख़ादिम अपनी मज़ार की दूसरी-तीसरी-चौथी ब्रांच खोलते जाते थे। कालू शाह, भूरे शाह, बुल्ले शाह और न जाने कौन-कौन से शाहों के नाम पर पर ये मज़ारें बनाई जाती और कमाई होने पर यहाँ के अपराधी ख़ादिम बग़ल के गाँव में जाकर अपनी फ़्रेंचायजी जैसी एक और मज़ार बनवा लेते थे। उत्तराखण्ड की पुष्कर सिंह सरकार पर आरोप लग रहें है कि वह दुराग्रह पूर्वक मज़ारों पर बुलडोज़र चला रही है, किंतु सच्चाई कुछ और ही है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के 20 जून 2009 के निर्णय के अनुसार कोई भी धार्मिक स्थल का निर्माण, पुनर्निर्माण या जीर्णोद्धार बिना जिला कलेक्टर की अनुमति के बिना नहीं किया जा सकता है। भूमि के दस्तावेज की प्रति के साथ कलेक्टर को आवेदन देकर और अनुमति लेकर ही यह कार्य किया जा सकता है। पुष्कर सिंह धामी ने इसी न्यायलीन आदेश का पालन करते हुए तीन सौ से अधिक अवैध मज़ारों को ध्वस्त किया है।

ऐसे पचासों मंदिरों को और एक गुरुद्वारे को भी धामी सरकार ने तोड़ दिया है और शासन की पाँच हज़ार एकड़ ज़मीन को 'लैंड जिहाद' से मुक्त कराया है। उत्तराखण्ड राज्य सरकार ने मई 2023 तक कुल मिलाकर 3,793 ऐसे क्षेत्रों की पहचान की है जहां मज़ारों के माध्यम से लैंड जिहाद किया गया है। नैनीताल आश्चर्यजनक रूप से इस कुचक्र का शीर्ष है जहां चौदह सौ तैंतीस स्थान और हरिद्वार भी जहां साढ़े ग्यारह सौ स्थानों पर अतिक्रमण करके मज़ारों के सहारे क़ब्ज़े किए गए थे। और भी ज़िलों में यह कहानी बड़े स्तर पर सामने आई है।

पावर प्लांट प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन; कंपनी बोली-जिसकी जमीन नहीं उसे कैसे दे नौकरी

# नौकरी मांगने गाड़ी के सामने लेटी महिला





**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर(एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में राशि पावर प्लांट के खिलाफ प्रदर्शन करने पहुंची महिला कंपनी के डायरेक्टर की गाड़ी के सामने लेट गई। जिस पर कंपनी को पुलिस बुलानी पड़ गई। लोगों का कहना है कि कंपनी ने जमीन के बदले नौकरी देने का वादा किया था। वहीं, कंपनी ने कहा कि जिनकी जमीन नहीं है वो नौकरी की मांग कर दबाव बना रहे हैं।

दरअसल, राशि पावर स्टील कंपनी मस्तूरी क्षेत्र के भदौरा में संचालित है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जमीन कंपनी ने पावर प्लांट लगाया और जमीन खरीदी की थी, तब पीड़ित परिवार के सदस्यों को जमीन के बदले नौकरी देने का वादा किया था।

स्थानीय लोग पिछले लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। तब कंपनी प्रबंधन के साथ उनकी बैठक भी हुई थी। तब कहा गया कि कंपनी ने बताया था कि जिन लोगों की जमीन ली गई थी उनके परिवार के सदस्यों को नौकरी दी जा चुकी है। जिनकी जमीन नहीं है वो लोग भी नौकरी के लिए दबाव बना रहे हैं।

शुक्रवार को भी स्थानीय लोग कंपनी की गेट के सामने प्रदर्शन कर रहे थे। उसी समय जब कंपनी के संचालक रोहित अग्रवाल अपनी कार से निकल रहे थे तब एक महिला उनकी गाड़ी के सामने लेट गई, जिसकी वजह से उन्हें अपनी गाड़ी पीछे करना पड़ा। इस दौरान उन्होंने पुलिस को घटना की जानकारी दी, जिस पर पुलिस ने भी उन्हें समझाइश देकर शांतिपूर्वक अपनी मांग रखने कहा।

राशि पावर कंपनी के पीआरओ विनोद तिवारी ने कहा कि जमीन का अधिग्रहण 2012 से पहले किया गया था। तब कंपनी का संचालन दूसरे मैंनेजमेंट के हाथ था। उस समय लोगों से कोई लिखित में एग्रीमेंट भी नहीं हुआ था। अब कंपनी का संचालन अग्रवाल एंड संस कर रहा है। जो महिला अपने बेटे के लिए नौकरी मांग रही है, उसकी जमीन भी अधिग्रहित नहीं हुई है।

## बिलासपुर अपराध में छत्तीसगढ़ में पहले स्थान पर


**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर(एजेंसी)।** कांग्रेस के पूर्व विधायक शैलेश पांडेय का आरोप है कि, बिलासपुर अपराधों के मामले में पूरे छत्तीसगढ़ में पहले स्थान पर है। उन्होंने नगर विधायक पर तंज कसते कहा कि, अपराधमुक्त बिलासपुर का जनता को दिए उनके झांसे की सच्चाई सामने आ चुकी है।

मीटिंग लेने शहर पहुंचे डिप्टी सीएम और गृहमंत्री विजय शर्मा से पूछा कि, कहीं वह मौन बाबू की तरह जनता को झांसा देकर तो नहीं चले जाएंगे ? उन्होंने कहा कि, उम्मीद है कि जो जनादेश मिला है। उसके मुताबिक आपकी सरकार जनता की रक्षा करेगी।

शैलेश पांडेय ने कहा कि, भाजपा की सरकार बनने के बाद से कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ रही है। महिलाएं, बेटियां असुरक्षित हैं। चाकूबाजी और हत्या की घटनाएं रोज हो रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि नशे का व्यापार, गांजा तस्करी, अवैध उत्खनन, अवैध शराब और अन्य अपराध में भी बिलासपुर पीछे नहीं, ऐसा क्यों ?

पांडेय ने गृहमंत्री विजय शर्मा को सलाह दी कि, 'आपको चिंतन करना है कि आख़िर बिलासपुर में रोज चाकूबाजी, हत्या और दुष्कर्म के आंकड़े इतने क्यों बढ़ रहे हैं ? 5 दिसंबर से 30 जून तक बिलासपुर में अपराध के यह आंकड़े विधानसभा में दी गई थी।जिसमें कुल अपराध 7506, बलात्कार 129, हत्या 28, मारपीट 1743, लूट 32, डकैती 1 शामिल है। उन्होंने कहा कि आख़िर क्या कारण है कि बिलासपुर पुलिस अपराधों को रोकने में नाकाम रही है और प्रतिदिन कोई न कोई बड़ी घटना लगातार हो रही है। पांडेय ने आरोप लगाया कि, बिलासपुर में विधानसभा चुनाव के समय वर्तमान विधायक अमर अग्रवाल ने दावा किया था कि, वह बिलासपुर को अपराध मुक्त कर देंगे, लेकिन उनका ये चुनावी झांसा केवल वोट पाने तक सीमित रहा।

## हाईकोर्ट बोला- सरकार की नीति पर हस्तक्षेप नहीं, उन्हें अपनी नई आबकारी नीति बनाने का पूरा अधिकार



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर(एजेंसी)।** बिलासपुर हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने राज्य की आबकारी नीति को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। साथ ही कहा कि राज्य सरकार को अपनी आबकारी नीति बनाने का पूर्ण अधिकार है। इसे चुनौती नहीं दी जा सकती।

दरअसल, प्रदेश में शराब की दुकानों का संचालन और वितरण पहले 10 कंपनियों को सौंपा गया था। हाल ही में राज्य सरकार ने अपनी आबकारी नीति में बदलाव कर इस कार्य को अपने नियंत्रण में ले लिया है।

नई नीति लागू करने के साथ ही सरकार ने शराब के वितरण और बिक्री को अपने नियंत्रण में लेने के साथ ही राज्य सरकार ने कंपनियों से जमा की गई राशि वापस लौटा दी है। साथ ही कंपनियों के लाइसेंस रद्द कर दिया है।

राज्य शासन द्वारा आबकारी नीति में किए गए बदलाव को चुनौती देते हुए नार्थ ईस्ट फीड एंड एग्रो एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने अपने एडवोकेट के माध्यम से हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की थी। दायर याचिका में कंपनी की ओर बताया गया था कि, उन्होंने मार्च 2025 तक का अनुबंध किया है और इस अवधि से पहले उनका लाइसेंस निरस्त नहीं किया जा सकता।

राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता प्रफुल्ल एन भारत ने ने तर्क दिया कि 10 में से आठ कंपनियों ने स्वेच्छा से लाइसेंस सरेंडर कर दिया है। कंपनियों द्वारा लाइसेंस सरेंडर करने की स्थिति में राज्य सरकार ने जमा राशि को वापस लौटा दिया है। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच में हुई।

राज्य शासन की ओर से महाधिवक्ता के जवाब सुनने के बाद हाई कोर्ट ने राज्य शासन की नई आबकारी नीति को सही ठहराते हुए कंपनी की याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया है कि राज्य शासन को अपनी आबकारी नीति बनाने का पूरा अधिकार है। इसमें हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता।

## एमपी समेत तीन राज्यों की इनामी महिला नक्सली गिरफ्तार, हॉक फोर्स ने घेराबंदी कर पकड़ा, नक्सलियों ने छुड़ाने के लिए की 40 राउंड फायरिंग




मध्यप्रदेश समेत तीन राज्यों की मोस्ट वांटेड महिला नक्सली एसीएम साजंती को हॉक फोर्स ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर मध्यप्रदेश के साथ छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र सरकार ने 14 लाख रुपए का इनाम घोषित किया था।

बालाघाट में हॉकफोर्स की टीम ने सर्च ऑपरेशन के दौरान उसे घेराबंदी कर पकड़ा। टीम उसे लेकर आ रही थी। इसी दौरान केबी(कवर्धा-बालाघाट) डिवीजन के अन्य नक्सलियों ने उसे छुड़ाने के लिए 40 राउंड फायरिंग की। हॉक फोर्स की टीम ने भी जवाबी फायरिंग की। इसके बाद नक्सली अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल में भाग गए।

महिला नक्सली के पास पिस्टल, मैगनीज, कुल्हाड़ी और अन्य सामान बरामद किया है। उसके खिलाफ बैहर थाने में 6 गंभीर मामले दर्ज हैं।

**चिचरंगपुर के जंगल में दिखे दो संदिग्ध:** बालाघाट एसपी नगेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि बैहर थाना क्षेत्र में परसाटोला के चिचरंगपुर के जंगल में केबी (कवर्धा-बालाघाट) डिवीजन के नक्सलियों का समूह मौजूद है। इसके बाद हॉक फोर्स के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप को वहां सर्च ऑपरेशन के लिए रवाना किया गया। सर्चिंग के दौरान टीम को दो संदिग्ध दिखाई दिए। टीम ने घेराबंदी कर हॉर्डकोर नक्सली साजंती को पकड़ लिया। हालांकि एक अन्य नक्सली भाग गया।

## छत्तीसगढ़ में हाथी ने युवक को पटक-पटककर मार डाला



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ में हाथियों का हमला थम नहीं रहा है। सूरजपुर के नवाडीह गांव में हाथी ने एक युवक को कुचलकर मार डाला। रात 10 बजे हाथी ने कई घरों में तोड़फोड़ भी किया, जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। इससे पहले हाथी ने जशपुर में 4 ग्रामीण और सरगुजा में एक महिला की जान ली थी।

सूचना पर हाथी मित्र दल के कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए। हाथी को खदेड़ने की कोशिश की गई। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के राजपुर वन परिक्षेत्र से होकर दंतैल हाथी रेवतपुर होते हुए प्रतापपुर वन परिक्षेत्र के बुधवा पहुंचा। फिर यहां से नवाडीह के लंगड़ाडांड बस्ती में घुस गया।

प्रतापपुर एसडीओ फारेस्ट आशुतोष भगत के मुताबिक हाथी को खदेड़ने की कोशिश के बीच गुरुवार रात करीब 11.45 बजे सरहरी निवासी शेशमन (40) घरों को तोड़ रहे हाथी को देखने पहुंच गया। उसे लोगों ने रोकने की कोशिश की, लेकिन वह नशे में धुत था।

हाथी ने शेशमन को अपने काफी करीब पाकर वहीं पटककर मार डाला।

# सड़क पर उतरे बीएड-डीएड प्रशिक्षित युवा, कैंडल मार्च निकाला, शिक्षकों की भर्ती के लिए सरकार को 15 तक अल्टीमेटम



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर(एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ बीएड-डीएड प्रशिक्षित संघ के बैनर तले बिलासपुर के युवा गुरुवार को सड़क पर उतर आए। देर शाम बरसते पानी में उन्होंने कैंडल मार्च निकाल कर राज्य सरकार के खिलाफ हल्ला बोला। प्रदेश के स्कूलों में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए 15 सितंबर तक अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने राजधानी में प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

प्रशिक्षित बेरोजगार युवाओं ने बताया कि, प्रदेश भर के स्कूल में शिक्षक के हजारों पद रिक्त हैं। भर्ती के लिए लाखों बीएड-डीएड प्रशिक्षित युवा लंबे समय से शिक्षक भर्ती का इंतजार कर रहे हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में प्रदेश भर में 57 हजार शिक्षकों की भर्ती किए जाने का वादा किया था।

इस पर भरोसा करते हुए सभी प्रशिक्षित बेरोजगारों ने बड़ी संख्या में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया। जिसकी बदौलत प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है।

**तत्कालीन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने की थी घोषणा**

विधानसभा के सत्र के दौरान तत्कालीन शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने वर्तमान शिक्षा सत्र के लिए 33 हजार शिक्षकों की भर्ती की घोषणा की थी। लेकिन, अब तक भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है। जिससे बीएड-डीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थी अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। जिले के बीएड-डीएड प्रशिक्षितों ने गांधी चौक से शिव टॉकीज चौक तक कैंडल मार्च और रैली निकालकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि, 15 सितंबर तक मांग पूरी नहीं होने पर संघ 21 सितंबर से रायपुर में प्रदेश स्तरीय धरना प्रदर्शन और अनशन करेगा। इसकी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी।

संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि, राज्य सरकार युक्तियुक्तकरण करने की तैयारी में है। इस बहाने प्रदेश के साढ़े तीन हजार स्कूलों को बंद कर चार हजार से अधिक शिक्षकों के रिक्त पदों को डाइंग कैडर में डालने की तैयारी में है। इन पदों पर भी युवाओं ने भर्ती करने की मांग की है। उन्होंने सरकार के युक्तियुक्तकरण के फैसले का भी खिलाफत करने का निर्णय लिया है।

**ये है संघ की प्रमुख मांग:** प्रदेश के स्कूलों में रिक्त 33 हजार शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू की जाए, जिसमें सभी संकाय और विषय के पद शामिल हो। शिक्षक वर्ग-2 की भर्ती विषयवार हो।

युक्तियुक्तकरण के नाम पर हजारों स्कूलों को बंद किए जाने का फैसला निरस्त किया जाए। स्कूल शिक्षा विभाग के 2008 के सेटअप को यथावत रखकर नई भर्ती की कार्रवाई शुरू किया जाए।

आगामी शिक्षक भर्ती में आरक्षित वर्ग को 5 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाए। प्रदेश के स्कूलों में छत्तीसगढ़ी में पीजी डिप्लोमा धारियों के लिए पद सृजित कर उनके पदों पर भर्ती की जाए। समय पर भर्ती नही होने से कई अभ्यर्थी की उम्र निकल गई है। ऐसे में वह शिक्षक बनने के लिए अपात्र हो जाएंगे। उन्हें उम्र में अतिरिक्त छूट प्रदान की जाए।

## बच्चों के शव कंधे पर उठाकर 15 किलोमीटर चले माता-पिता



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र के बॉर्डर से दिल को झकझोर देने वाला एक वीडियो सामने आया है। रोते बिलखते माता-पिता और दोनों के कंधे पर एक-एक बच्चे का शव...दोनों ही स्वास्थ्य केंद्र से 15ञ्चरूइसी तरह पैदल अपने गांव की ओर निकलते हैं। अस्पताल से ना उन्हें एंबुलेंस मिलती है ना ही कोई और सुविधा।

यह पूरा मामला गढ़चिरौली जिले के अहेरी गांव का है। 3-4 सितंबर को 2 सगे भाई बाजीराव रमेश वेलादी (उम्र 6 साल) और दिनेश रमेश वेलादी (उम्र 4 साल) की तबीयत बिगड़ी। उन्हें तेज बुखार था। परिजन पास के ही पट्टीगांव लेकर पहुंचे और झाड़फूंक कराया। सिरहा (झाड़फूंक करने वाला) ने उन्हें एक जड़ी-बूटी दी। दावा किया कि इनकी तबीयत ठीक हो जाएगी।

**ज्यादा तबीयत बिगड़ी तो अस्पताल लेकर गए:** झाड़फूंक से बच्चों की तबीयत सुधरने की जगह और बिगड़ने लगी। इसके बाद परिजन किसी तरह दोनों बच्चों को पट्टीगांव से जिमलगट्टा के स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए। यहां दोनों बच्चों को भर्ती किया गया लेकिन दोनों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। रोते-बिलखते परिजन ने बच्चों के शव ले जाने के लिए अस्पताल प्रबंधन से शव वाहन की मांग की। काफी जूझने के बाद भी माता-पिता को एंबुलेंस नहीं मिली। इसके बाद मजबूरन दोनों बच्चों के शव को उठाकर वे पैदल घर निकल गए।

**गांव तक पहुंचने पक्की सड़क नहीं:** सिस्टम की मार उन माता-पिता पर अभी और बाकी थी, जब वे पैदल चल रहे थे उन्हें कीचड़ और जंगल के रास्ते घर जाना पड़ा। पट्टीगांव से अहेरी तक पक्की सड़क नहीं है। माता-पिता कच्ची सड़क पर करीब 15 किमी पैदल चले। इस दौरान यहां गुजर रहे कुछ लोगों ने वीडियो बना लिया। जिसके बाद यह मामला उजागर हुआ।

**नक्सल प्रभावित है इलाका:** बता दें कि, महाराष्ट्र का गढ़चिरौली जिला छत्तीसगढ़ से लगा हुआ है। ये नक्सल प्रभावित इलाका है। हाल ही कुछ दिनों पहले यहां एनकाउंटर में कुछ नक्सली भी मारे गए थे। जिस इलाके के दंपति रहने वाले हैं, वो इलाका अंदरूनी और संवेदनशील है। ऐसे में विकास अब तक वहां नहीं पहुंच पाया है।

## छत्तीसगढ़ में पुलिसकर्मी ने लॉ स्टूडेंट से किया रेप



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** रायपुर में पुलिसकर्मी ने लॉ-स्टूडेंट से दुष्कर्म किया है। पीड़िता के साथ बीते तीन-चार महीनों से उसकी दोस्ती थी। दोनों की फोन पर अक्सर बात होती थी। दो दिन पहले आरोपी ने पहले घर पर रेप किया।

पीड़िता ने जब इसका विरोध किया तो आरोपी समझाने के बहाने उसे कार पर बैठाकर एयरपोर्ट की तरफ ले गया। यहां सुनसान इलाके में छेड़खानी की, मना किया तो उसके साथ फिर दुष्कर्म किया गया।

माना थाना प्रभारी भावेश गौतम के मुताबिक आरोपी चंद्रमणि शर्मा पुलिस अकादमी में कॉन्स्टेबल के पद पर है। माना पुलिस ने परिवारद्धङ्ग दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है।

पीड़िता की शिकायत के मुताबिक, उसकी 2 महीने पहले आरोपी चंद्रमणी शर्मा से जान-पहचान हुई थी। दोनों के बीच बातचीत भी फोन से होती थी। लॉ की पढ़ाई करते हुए 4 सितंबर को पीड़िता अपने सीनियर के ऑफिस में लिगल वर्क कर रही थी। इसी समय नये बीएनएस कानून को लेकर चंद्रमणी शर्मा को फोन किया था। कॉल पर चंद्रमणी ने कहा कि, वह खुद आकर इसकी जानकारी देगा।

आरोपी खुद की कार लेकर पहुंचा और किसी कैफे में चलते हैं कहकर अपने साथ नया रायपुर तरफ ले गया। इसी बीच कार को अंदर से लॉक कर पीड़िता के मुंह को हाथ से दबाकर आसपास कोई नहीं होने का फायदा उठाने लगा। मना करने के बावजूद भी उसने जबरदस्ती शराब भी पिलाई। इसके बाद मुझे जो करना है करने दो कहकर कार के अंदर ही रेप किया।

आरोपी पीड़िता को अपनी वरिष्ठ अधिकारी और राजनेताओं से जान पहचान बताकर धमकाने भी लगा। इसके बाद पीड़िता को अपने साथ घर पर ले जाकर भी दुष्कर्म किया। केस दर्ज होने के बाद आरोपी चन्द्रमणी शर्मा को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने पूछताछ में वारदात को अंजाम देना कबूल किया है।

## बेमेतरा में 8 बंदरों का शिकार करने वाला गिरफ्तार



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले के साजा वन परिक्षेत्र के ग्राम बेलगांव में आठ बंदरों के अवैध शिकार के मामले में मुख्य आरोपी रामाधार को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह कार्रवाई प्रधान मुख्य वन संरक्षक और प्रमुख वन बल प्रमुख वी. श्रीनिवास राव और प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर की गई।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने ऐसे मामलों में लगातार कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। दुर्ग सर्किल के मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) डॉ. केनिली माचिओ और वनमंडलाधिकारी (डीएफओ) चंद्रशेखर परदेशी के नेतृत्व में राज्य उड़नदस्ता द्वारा यह कार्रवाई 5 सितंबर को की गई।

वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आरोपी के पास से बंदूक बरामद हुई है, जिसका उपयोग 28 अगस्त को हुए इस अवैध शिकार में किया गया था। यह गिरफ्तारी धमधा की परिक्षेत्र अधिकारी लक्ष्मी आदित्य और साजा के परिक्षेत्र अधिकारी पी.आर. लसेल ने की, जिसमें बेमेतरा के उप वनमंडलाधिकारी (एसडीओ) वी.एन. दुबे और अन्य वन विभाग के अधिकारियों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### बृजभूषण बोले-भाजपा कहेगी तो विनेश-बजरंग के खिलाफ प्रचार करूंगा

गोंडा। हरियाणा विधानसभा चुनाव के 30 दिन पहले पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया शुक्रवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। विनेश और बजरंग उन पहलवानों में से हैं, जिन्होंने भाजपा के पूर्व सांसद और बाहुबली बृजभूषण शरण सिंह पर यौन शोषण के आरोप लगाए और दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। दोनों पहलवानों की नई पारी पर बृजभूषण शरण सिंह ने बातचीत की। उन्होंने कहा- यह लोग राजनीति को हवा समझते हैं। सोच रहे हैं कि हरियाणा से विधानसभा चुनाव जीत जाएंगे। हरियाणा में किसी भी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ जाएं, भाजपा का कोई भी प्रत्याशी इन पहलवानों को हरा देगा। पार्टी कहेगी तो मैं भी हरियाणा प्रचार करने जाऊंगा। यह पहलवान किसी भी सीट से हरियाणा में चुनाव नहीं जीत पाएंगे, क्योंकि यह लोग अब राजनीति कर रहे हैं। इन दोनों पहलवानों ने कुश्ती के दम पर पूरे देश में अपना नाम रोशन किया था। अब कांग्रेस में शामिल होने के बाद इनका नाम वैसे ही खत्म हो जाएगा। पहलवानों को न्याय दिलाने के नाम पर कांग्रेस नेता धरने में शामिल हुए। उन्होंने धीरे-धीरे एक के बाद एक कई पहलवानों को अपना मोहरा बना लिया। इस देश की कुश्ती का सत्यानाश भी कांग्रेस पार्टी के लोगों ने पहलवानों के साथ मिलकर किया है। कुश्ती का सत्यानाश करने में इन पहलवानों का भी बड़ा योगदान है, जो आज कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए हैं। कांग्रेस पार्टी की सरकार देश में थी तो कुश्ती का नाम-ओ-निशान नहीं था, लेकिन मेरे अध्यक्ष बनने के बाद भारत में लोग कुश्ती को जानने लगे और कई मेडल आए।

### मणिपुर के पूर्व सीएम के घर पर रॉकेट से हमला

इंफाल। मणिपुर में जारी हिंसा के बीच विष्णुपुर जिले में शुक्रवार (6 सितंबर) को पूर्व सीएम मैरेम्बम कोइरेंग के घर पर रॉकेट बम से अटैक हुआ। इस हमले में 1 बुजुर्ग व्यक्ति की मौत और 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आज सुबह मोइरंग से 4 किलोमीटर दूर ट्रोंगलाओबी इलाके में रॉकेट बम से हमला हुआ था। इसमें 2 इमारतें क्षतिग्रस्त हो गई थी। पुलिस के मुताबिक आज तक मोइरांग में कभी बंदूक और बम से हमला नहीं हुआ था, जिस वजह से स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई है। इससे पहले 3 सितंबर को मणिपुर में इंफाल जिले के सेजम चिरांग गांव में उग्रवादियों ने ड्रोन अटैक किया था, जिसमें में एक महिला समेत 3 लोग घायल हुए थे। वहीं 1 सितंबर को कोत्रुक गांव में भी ड्रोन से हमला किया गया था। जिसमें दो की मौत और 9 घायल हुए थे। ऐसी आशंका है कि कुकी उग्रवादियों को ड्रोन वॉरफेयर के लिए म्यांमार से टेक्निकल सपोर्ट और ट्रेनिंग मिल रही है। मणिपुर सरकार ने इन ड्रोन अटैक की जांच करने के लिए हाई लेवल कमेटी का गठन किया है। मणिपुर में पहली बार एंटी ड्रोन मशीन गन का इस्तेमाल होगा, केंद्र ने मंजूरी दी केंद्र सरकार ने पहली बार मणिपुर में एंटी ड्रोन मीडियम मशीन गन के इस्तेमाल की मंजूरी दी है। यह फैसला 1-3 सितंबर के बीच राज्य में दो ड्रोन हमलों के बाद लिया गया है। राज्य में मार्च 2023 से कुकी और मैतेई समुदाय के बीच हिंसा चल रही है।

# जम्मू-कश्मीर चुनाव, बीजेपी का घोषणा पत्र जारी



श्रीनगर। भाजपा ने शुक्रवार, 6 सितंबर को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि कॉलेज छात्रों को हर साल 3 हजार रुपए यातायात भत्ता दिया जाएगा। 10वीं क्लास में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स को टेबलेट और लैपटॉप मिलेगा। उन्होंने कहा, 5 लाख रोजगार दिए जाएंगे। उज्जवला योजना के लाभार्थियों को हर साल 2 फ्री एलपीजी सिलेंडर दिया जाएगा। अटल आवास योजना के जरिए भूमिहीन लोगों को 5 मरला (एक बीघा) जमीन मुफ्त दी जाएगी। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा की 90 सीटें हैं, जिनमें से 47 घाटी में और 43 जम्मू संभाग में हैं। प्रदेश में 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को तीन फेज में चुनाव होने हैं। नतीजे 8 अक्टूबर को आएंगे। गृह मंत्री ने कहा- 370 हटने नहीं देंगे शाह ने कहा, जम्मू-कश्मीर भारत का है, था और रहेगा। 10 साल में राज्य का विकास हुआ है और रहा है। आज धारा 370 और 35 बीते दौरे की बात बन गई है। अब ये हमारे संविधान का हिस्सा नहीं है। ये सब पीएम नरेंद्र मोदी के ताकतवर फैसले से हुआ। धारा 370 इतिहास बन गई है। हम इसे कभी आने नहीं देंगे। पीजी सिलेंडर। मां सम्मान योजना के जरिए हर एक परिवार की सबसे सीनियर महिला को 18 हजार रुपए महीने की आर्थिक सहायता। महिला सेल्फ-हेल्प ग्रुप का लोन माफ की घोषणा। स्टूडेंट्स के लिए, युवाओं के लिए पंडित प्रेम नाथ डोगरा रोजगार योजना के जरिए 5 लाख रोजगार के अवसर पैदा करना। प्रगति शिक्षा योजना के तहत कॉलेज स्टूडेंट्स को हर साल 3 हजार रुपए यातायात भत्ता। जेकेपीएससी और यूपीएससी की तैयारी के लिए 2 साल तक 10 हजार रुपए कोचिंग फीस की आर्थिक सहायता। 10वीं क्लास में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स को टेबलेट और लैपटॉप मिलेगा। राज्य के डेवलपमेंट के लिए श्रीनगर की डल झील को वर्ल्ड क्लास टूरिस्ट बनाया जाएगा। श्रीनगर के टैटू ग्राउंड में एम्यूजमेंट पार्क बनाया जाएगा। डोडा, किश्तवाड़, रामबन, राजौरी, पुंछ, उधमपुर और कठुआ के ऊपरी एरिया टूरिस्ट इंडस्ट्री के तौर पर अपडेट होंगे। कश्मीर घाटी में गुलमर्ग और पहलगाम को मॉडर्न टूरिस्ट सिटी बनाया जाएगा। श्रीनगर में तवी रिवरफ्रंट बनाया जाएगा। रणजीत सागर बांध बसोहली के लिए अलग झील विकास प्राधिकरण बनाया जाएगा। जम्मू में स्पेशल इकोनॉमिक जोन के तौर पर आईटी हब बनाया जाएगा। पानी और सोलर के लिए बिजली-पानी के बकाया बिलों की समस्या के लिए योजना लाई जाएगी। हर घर नल से जल (जल जीवन मिशन) के तहत जम्मू-कश्मीर के सभी घरों में पीने का पानी पहुंचाया जाएगा। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के जरिए परिवारों को मुफ्त बिजली, सोलर उपकरण लगाने के लिए 10 हजार की सब्सिडी की घोषणा।

**संविदा, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए-** एडहॉक, संविदा, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए नई नीति लाई जा सकती है। आंगनवाड़ी, आशा, एनएचएम, रहबर-ए-खेल कर्मचारियों, सामुदायिक सूचना केंद्र संचालकों, होम गार्ड और राष्ट्रीय युवा कोर जैसे कम्युनिटी वर्करों को अतिरिक्त सहायता दी जाएगी।

**किसानों के लिए-** पीएम किसान सम्मान निधि में 10 हजार दिए जाएंगे, 6 हजार रुपए में अतिरिक्त 4 हजार शामिल होंगे। खेती के कामों के लिए बिजली दरों को 50 फीसदी कम किया जाएगा। अटल आवास योजना के जरिए भूमिहीन लोगों को 5 मरला (करीब एक बीघा) जमीन मुफ्त दी जाएगी।

जम्मू-कश्मीर में सरकारी योजनाओं की निगरानी के लिए तीन क्षेत्रीय विकास बोर्ड स्थापित किए जाएंगे। जम्मू में स्पेशल इकोनॉमिक जोन (स्र्श्व) के तौर पर आईटी हब बनाया जाएगा। उधमपुर में फार्मास्युटिकल पार्क और किश्तवाड़ में आयुष हर्बल पार्क की स्थापना। विस्थापित समाज पुनर्वास योजना के लिए टीका लाल टपलू विस्थापित समाज पुनर्वास योजना शुरू होगी। कश्मीरी पंडितों, वाल्मीकि, गोरखाओं सहित अन्य विस्थापितों की सुरक्षित वापसी और पुनर्वास में तेजी लाई जाएगी। 100 खंडहर मंदिरों के लिए ऋषि कश्यप तीर्थ पुनरुद्धार अभियान के अंतर्गत हिंदू मंदिरों और धार्मिक स्थलों का पुनर्निर्माण किया जाएगा। 100 खंडहर मंदिरों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। धार्मिक और आध्यात्मिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से शंकराचार्य मंदिर (ज्येष्ठेश्वर मंदिर), रघुनाथ मंदिर व मार्तंड सूर्य मंदिर सहित अन्य मौजूदा मंदिरों का और अधिक विकास किया जाएगा। मोदी-शाह समेत 40 स्टार प्रचारक बनाए भाजपा ने जम्मू-कश्मीर में चुनाव प्रचार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी की है। लिस्ट में शिवराज चौहान, योगी आदित्यनाथ और स्मृति ईरानी का भी नाम है। कश्मीर में कुछ सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवारों का समर्थन कर सकती है भाजपा जम्मू-कश्मीर भाजपा अध्यक्ष रविंदर रैना ने कहा कि घाटी के कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में जमीनी हालात को देखते हुए भाजपा कुछ निर्दलीय उम्मीदवारों का समर्थन कर सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि पूरे जम्मू-कश्मीर में इस समय भाजपा की जबरदस्त लहर है। मैं विश्वास के साथ कहता हूं कि जम्मू-कश्मीर में भाजपा की सरकार बनेगी। प्रचंड बहुमत के साथ जम्मू-कश्मीर में भाजपा अपनी सरकार बनाएगी।

## विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने कांग्रेस जॉइन की

चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा चुनाव के 30 दिन पहले रेसलर विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया शुक्रवार, 6 सितंबर को कांग्रेस में शामिल हो गए। विनेश का जुलाना सीट से चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है। वहीं, बजरंग के भी चुनाव लड़ने की अटकलें हैं। इससे पहले दोनों कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से उनके आवास पर मिले और फिर कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे। राज्य में एक फेज में 5 अक्टूबर को मतदान होगा। रिजल्ट 8 अक्टूबर को आएगा। कांग्रेस में शामिल होने से पहले विनेश और बजरंग ने रेलवे की नौकरी छोड़ दी। दोनों ओएसडी स्पोर्ट्स के पद पर थे। विनेश-बजरंग ने कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, पवन खेड़ा, हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान और हरियाणा कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया की मौजूदगी में कांग्रेस जॉइन की। सबसे पहले तो मैं देशवासियों और मीडिया का धन्यवाद करना चाहती हूं। कांग्रेस पार्टी का बहुत धन्यवाद करती हूं कि बुरे टाइम पर पता लगता



है कि साथ में कौन है। जब आंदोलन के दौरान हमें सड़क पर घसीटा जा रहा था, तब बीजेपी को छोड़कर देश की हर पार्टी हमारे साथ थी।

## कोलकाता रेप-मर्डर केस, पूर्व प्रिंसिपल के 6 ठिकानों पर रेड

कोलकाता। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के 6 ठिकानों पर शुक्रवार को ईडी ने छापा मारा। अस्पताल में वित्तीय गड़बड़ी के आरोपों पर ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग को लेकर यह कार्रवाई की। इससे पहले सीबीआई इसी मामले में भ्रष्टाचार के आरोप पर घोष को गिरफ्तार कर चुकी है। ईडी ने सुबह घोष के बेलियाघाटा स्थित घर और उनके करीबियों के हावड़ा और सुभाषग्राम स्थित दो ठिकानों पर छापेमारी की। 7 घंटे की कार्रवाई के बाद ईडी ने संदीप घोष के करीबी प्रसून चटर्जी को सुभाषग्राम के डे पारा इलाके में उनके आवास से हिरासत में लिया।

## हरियाणा में 4 सीटों पर उम्मीदवार बदल सकती है भाजपा




चंडीगढ़। हरियाणा में टिकट वितरण के बाद बीजेपी में बगावत शुरू हो गई है। चुनाव के दौरान इस बगावत को लेकर भाजपा के दिल्ली में बैठे नेता भी अलर्ट हो गए हैं। इसको लेकर दिल्ली में शाम को इमरजेंसी मीटिंग बुला ली है। इस मीटिंग में जिन सीटों पर बगावत हो रही है, उन सीटों को लेकर चर्चा की जाएगी। पार्टी सूत्रों की मानें तो 4 विधानसभा सीटों पर पार्टी कैंडिडेट बदल सकती है। इसकी लिस्ट दूसरी लिस्ट के साथ जारी हो सकती है। भाजपा के प्रदेश स्तर के एक बड़े नेता ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि यह पक्का नहीं है लेकिन बगावत का स्तर और उसमें शामिल नेताओं के ग्राउंड फीडबैक के आधार के हिसाब से पार्टी फैसला ले सकती है।

सिरसा में मंत्री रणजीत चौटाला के बगावती सुर को देखते हुए पार्टी ने हरियाणा लोक हित पार्टी के मुखिया गोपाल कांडा को दिल्ली में तलब कर लिया है। भाजपा सूत्रों के मुताबिक उनको पार्टी ने अपनी पार्टी का बीजेपी में विलय करने का ऑफर दिया है। हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा की पहली सूची जारी होने के साथ ही पार्टी में भगदड़ मच गई है।

## मणिपुर पर भागवत बोले- यहां सुरक्षा की गारंटी नहीं

पुणे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार (5 सितंबर) को कहा, मणिपुर में परिस्थितियां कठिन बनी हुई हैं। स्थानीय लोग अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। वहां कारोबार या सामाजिक सेवा के लिए गए लोगों के लिए माहौल अधिक चुनौतीपूर्ण है। उन्होंने कहा- इस सबके बावजूद संघ के कार्यकर्ता दोनों गुटों (कुकी और मैतेई) की मदद और माहौल सामान्य करने की कोशिश कर रहे हैं। कार्यकर्ता



न तो वहां से भागे, न ही हाथ पर हाथ रखकर बैठे रहे। वे जनजीवन सामान्य करने, गुस्सा कम करने और राष्ट्रीय एकता की भावना बढ़ाने का काम कर रहे हैं। भागवत बोले- मणिपुर में सुरक्षा की गारंटी नहीं मोहन भागवत पुणे में शंकर दिनकर काने की 100वीं जयंती पर एक कार्यक्रम में पहुंचे थे। यहां उन्होंने करीब 5 घंटे का भाषण दिया।

भागवत ने कहा- शंकर दिनकर 1971 तक मणिपुर में बच्चों को शिक्षित करने के अभियान में जुटे थे। संगठन के कार्यकर्ता तमाम चुनौतियों और सुरक्षा की गारंटी न होने के बावजूद संघर्षग्रस्त उत्तर-पूर्वी राज्य मणिपुर में डटे हैं।

## पीएम ने जल संचय जन भागीदारी योजना की शुरुआत की

सूरत। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से शुक्रवार को सूरत में 'जल संचय जन भागीदारी' पहल की शुरुआत की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ाना है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, केन्द्रीय जल मंत्री सीआर पाटिल समेत कई मंत्री और सभी जिलों के कलेक्टर भी ऑनलाइन जुड़े। अपने संबोधन में पीएम ने कहा- जल संचय एक पॉलिसी नहीं है, प्रयास और पुण्य भी है। इसमें उत्तरदायित्व भी है। आने वाली पीढ़ियां जब हमारे कामों का आंकलन करेंगी तो पानी का आंकलन उनका पहला पैरामीटर होगा। क्योंकि, यह प्रश्न संसाधनों का नहीं, यह प्रश्न जीवन का है। इसलिए हमने हमारे 9 संकल्पों में जल संरक्षण को पहले नंबर पर रखा है। आज देश में कितनी सारी विशाल नदियां हैं, लेकिन इसके बावजूद हमारे एक भू-भाग को पानी की कमी से जूझना पड़ रहा है। कई जगह पानी का स्तर लगातार गिर रहा है। यह संकट पूरी दुनिया में और गहराता जा रहा है। एक भारत ही ऐसा देश है, जो अपने साथ-साथ पूरी दुनिया की इस समस्या के समाधान को खोज सकता है।

## तमिलनाडु के सरकारी स्कूल में आध्यात्मिक क्लास

चेन्नई। तमिलनाडु के दो सरकारी स्कूलों में आध्यात्मिक क्लास को लेकर विवाद हो गया। मामला 5 सितंबर (टीचर्स डे) का है। चेन्नई के दो स्कूलों सैदापेट हाई स्कूल और अशोक नगर गर्ल्स हाई स्कूल में एक स्प्रिचुअल अवेकनिंग क्लास आयोजित की गई। परमपोरुल फाउंडेशन (एनजीओ) से एक स्पीकर स्कूल आए। उन्होंने जाति, वर्ग, पुण्य, पाप, मंदिर पर स्पीच दी। उन्होंने कहा- हमें पिछले कर्मों की सजा इस जन्म में मिलती है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो सामने आते ही डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया और स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (स्न्रद्ब) के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। सरकार तक इसकी बात पहुंची। एजुकेशन मिनिस्ट्री ने अशोक नगर गर्ल्स हाई स्कूल की प्रिंसिपल का ट्रांसफर करवा दिया। वहीं सीएम एमके स्टालिन ने कहा- हमारे एजुकेशन सिस्टम में सिर्फ साइंस की जरूरत है। इसी से स्टूडेंट का विकास होगा। टीचर्स डे के मौके पर तमिलनाडु के सरकारी स्कूल में परमपोरुल फाउंडेशन के स्पीकर महाविष्णु को इनवाइट किया गया।

## हरियाणा में आप-कांग्रेस के बीच सीट शेयरिंग पर सहमति नहीं

चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी में सीट शेयरिंग पर सहमति नहीं बनी है। ये दोनों पार्टियां नेशनल लेवल पर विपक्ष के इंडिया ब्लॉक में सहयोगी हैं। सूत्रों के मुताबिक पहले आम आदमी पार्टी ने 10 सीटें मांगी लेकिन कांग्रेस 3 सीटें देने पर राजी हुई। कांग्रेस ने 3 सीटों में भी यह शर्त लगाई कि आप शहरी क्षेत्रों की सीटों पर चुनाव लड़े। वहीं आप का कहना है कि पंजाब और दिल्ली में हमारी सरकार है, इसलिए इन राज्यों की बॉर्डर से



सटी सीटें हमें दी जाएं।कांग्रेस इसके लिए राजी नहीं हुई। कांग्रेस नेता और पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा भी गठबंधन के पक्ष में नहीं हैं। वहीं कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने भी कहा कि हम आप के बिना भी सक्षम हैं, हमने अपनी बात पार्टी आलाकमान को कह दी है कि।कांग्रेस के रुख को देखते हुए आम आदमी पार्टी ने 50 सीटों पर लड़ने की पूरी तैयारी कर ली है। हालांकि अब इस मामले में अंतिम फैसला राहुल गांधी पर आकर टिक गया है। गठबंधन को लेकर बोले आप नेता राघव चड्ढा,कहा, 'बातचीत चल रही है। हमें उम्मीद है कि हरियाणा और देश के हित में गठबंधन बनेगा।' उधर, समाजवादी पार्टी हरियाणा में विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेगी।

## बंगाल गवर्नर बोले- अपराजिता बिल ममता के कारण अटका

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के गवर्नर सीवी आनंद बोस ने कहा है कि अपराजिता बिल ममता सरकार के कारण पेंडिंग है। उसने बिल के साथ टेक्निकल रिपोर्ट नहीं भेजी है। इसके बिना बिल को मंजूरी नहीं दी जा सकती। राजभवन की ओर से गुरुवार 5 सितंबर को जारी बयान में बताया गया कि ममता सरकार के इस रवैये से गवर्नर बोस नाराज हैं। महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े इस महत्वपूर्ण बिल को लेकर ममता सरकार ने कोई होमवर्क नहीं किया।

राज्य सरकार पहले भी ऐसा करती रही है। विधानसभा से पास हुए कई बिल की टेक्निकल रिपोर्ट राजभवन नहीं भेजी जाती है। इससे बिल पेंडिंग हो जाते हैं, जिसका इल्जाम ममता सरकार राजभवन पर लगाती है। दरअसल, 9 अगस्त को कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी



डॉक्टर से रेप-मर्डर के बाद राज्य सरकार पर महिला सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे थे। ममता सरकार ने 3 सितंबर को पश्चिम बंगाल विधानसभा में एंटी-रेप बिल पेश किया था। इसके तहत पुलिस को रेप केस की 21 दिन में जांच पूरी करनी होगी। विधानसभा से पास होने के बाद बिल को राज्यपाल के पास भेजा गया है। यहां से पास होने के बाद बिल राष्ट्रपति को भेजा जाएगा, जहां से मुहर लगने के बाद यह कानून में बदल सकेगा।

गवर्नर बोले- अपराजिता बिल आंध्र-महाराष्ट्र के बिल का कॉपी पेस्ट गवर्नर ने अपराजिता बिल को आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और अरुणाचल प्रदेश के बिल का कॉपी-पेस्ट बताया। गवर्नर के मुताबिक, इस तरह के बिल प्रेसिंडेट के पास पहले से पेंडिंग हैं। ममता सरकार सिर्फ राज्य के लोगों को धोखा देने के लिए धरना-प्रदर्शनों में भाग ले रही है, क्योंकि उन्हें भी पता है कि ऐसे बिल राष्ट्रपति के पास पेंडिंग पड़े हैं। बोस ने गुरुवार को रेप-मर्डर केस को लेकर कहा- गलत काम करने वालों के खिलाफ एफआईआर होनी चाहिए।

# बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज में पूरी ताकत से उतरेगी भारतीय टीम : ऋषभ




**बेंगलुरु।** भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने कहा है कि बांग्लादेश के खिलाफ इसी माह होने वाली सीरीज में उनकी टीम पूरी गंभीरता से उतरेगी। ऋषभ ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में किसी भी टीम को हल्के में नहीं लिया जा सकता। इसलिए हमारा लक्ष्य अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना रहेगा। बांग्लादेश ने हाल ही में पाकिस्तान को 2-0 से टेस्ट सीरीज में हराया है। इससे भी उसके हौंसले बुलंद हैं। भारतीय टीम 19 सितंबर से चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट खेलेगी। भारतीय टीम अगले पांच महीनों में कुल 10 टेस्ट खेलेगी। बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज के बाद भारतीय टीम को अक्टूबर-नवंबर में न्यूजीलैंड से तीन टेस्ट मैच खेलने हैं। वहीं टीम साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी जहां उसे पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर सीरीज खेलनी है। ऋषभ ने कहा, पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका जैसी टीमें एशियाई हालातों में बेहतर प्रदर्शन करती हैं क्योंकि उनको इसका अंदाजा होता है। इसलिए हमें अपने प्रदर्शन का स्तर ऊपर रखना होगा। हमें केवल अपेन खेल पर ध्यान देते हुए बाकि बातों को भूल जाना होगा। विरोधी टीम कोई भी हो हमें अपनी ओर से पूरी ताकत लगानी होगी। जब हम अपना 100 फीसदी प्रदर्शन करते हैं तो परिणाम भी हमारे अनुकूल रहेंगे। इस विकेट कीपर बल्लेबाज ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में टीमों के बीच अंतर कम होने के साथ किसी भी सीरीज को कम नहीं आंका जा सकता है। उन्होंने कहा, दबाव हमेशा रहेगा क्योंकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आप किसी भी सीरीज को हल्के में नहीं ले सकते क्योंकि जीत और हार का अंतर काफी कम होता है।

### एकदिवसीय क्रिकेट में हैंस ओर एमिस के नाम है ये अहम रिकार्ड

एकदिवसीय क्रिकेट में अब तक दो बल्लेबाज ही टेस्ट और एकदिवसीय में समान रुप से प्रभावी रहे हैं। इसके अलावा ये दोनो अपने डेब्यू और अंतिम एकदिवसीय में शतक लगाने में सफल रहे हैं। ये बल्लेबाज हैं इंग्लैंड के डेनिस एमिस और वेस्टइंडीज के डेसमंड हेंस। दोनों ने ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शतक से अपने एकदिवीय करियर शुरु किया। ये दोनो ही सलामी बल्लेबाज रहे हैं। साल 1966 से 1977 तक चले करियर में एमिस ने 50 टेस्ट और 18 एकदिवसीय खेलते हुए दोनों ही प्रारुपों में 40 से अधिक के औसत से रन बटोरे। टेस्ट क्रिकेट में उन्होंने 46.30 के औसत से 3612 रन बनाए जबकि 18 एकदिवयीय में 47.72 के औसत से 859 रन बनाये। टेस्ट में उनके नाम 11 शतक जबकि एकदिवसीय में 4 शतक शामिल हैं। वहीं दूसरी ओर हैंस ने 1978 से 1994 के बीच इंडीज टीम की ओर से 116 टेस्ट और 238 एकदिवसीय खेले।

## संक्षिप्त समाचार

### बैलन डी पुरस्कार के लिए चयनित 30 खिलाड़ियों में रोनाल्डो और मेसी शामिल नहीं




**पेरिस।** अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में शीर्ष स्तर के प्रदर्शन के लिए दिये जोन वाले बैलन डी ओर पुरस्कार 2024 के लिए 30 उम्मीदवारों को नामांकित किया गया है। हैरानी की बात है कि इसमे पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो और अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी के नाम शामिल नहीं हैं। मेसी ने अब तक सबसे अधिक आठ बार ये पुरस्कार जीता है। मेसी को पिछले साल आठवीं बार ये पुरस्कार मिला था। वहीं रोनाल्डो को ये पुरस्कार पांच बार मिला है। साल 2008 से 2017 के बीच 10 साल तक ये पुरस्कार मेसी या रोनाल्डो को मिला है। वहीं साल 2018 में ये पुरस्कार क्रोशियाई फुटबॉलर लुका मोड्रिक ने जीता था। फ्रांस फुटबॉल टीम ने साल 2024 के लिए जो नाम दिये हैं उसमें स्टार फुटबॉलर किलियन एमबाप्पे, जूड बेलिंगहैम, विनीसियस जूनियर जैसे नाम शामिल हैं। वहीं पिछले सत्र में चैंपियंस लीग और ला लीगा जीतने वाले रियल मैड्रिड के सबसे अधिक खिलाड़ी इस सूची में शामिल थे। इस बार यूरो कप जीतने वाली स्पेनिश टीम के 6 खिलाड़ियों यमल, विलियम्स और ओल्मो के अलावा रॉड्री, एजेजांद्रो ग्रिमाल्डो और दानी कार्वाजल को अंतिम 30 में जगह मिली है।

### महान ऑलराउंडर सोबर्स के लिए डेयू एकदिवसीय ही साबित हुआ अंतिम मैच

**जमैका।** वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटरों में से एक सर गारफील्ड सोबर्स को विश्व का नंबर एक ऑलराउंडर माना जाता है। गैरी सोबर्स के नाम से लोकप्रिय रहे इस ऑलराउंडर के नाम टेस्ट में 8000 और 200 से ज्यादा टेस्ट विकेट हैं पर वह एक दिवसीय में एक रन भी नहीं बना पाये हैं। सोबर्स ने अपने एकदिवसीय करियर की शुरुआत सितंबर 1973 में की थी पर ये ही उनका अंतिम मैच भी साबित हुआ। सोबर्स ने अपने करियर में 93 टेस्ट मैच खेले। उन्होंने इन मैचों में 57.78 की औसत से 8032 रन बनाए और 235 विकेट भी लिए। दुनिया में ऐसा एक भी क्रिकेटर नहीं, जिसने 200 से ज्यादा टेस्ट विकेट लिए हों और 50 से अधिक की औसत से 8000 से ज्यादा रन बनाए हों पर हैरानी की बात है कि वह एकदिवसीय में खाता तक नहीं खोल पाये। सोबर्स उस डेब्यू मैच एक विकेट ही ले पाये। वेस्टइंडीज वह मैच एक विकेट से हार गया। वेस्टइंडीज ने लीड्स में खेले गए इस मुकाबले में 54 ओवर में 181 रन बनाये। वहीं इंग्लैंड ने 54.3 ओवर में 9 विकेट पर 182 रन बनाये। सोबर्स इस मैच के बाद टेस्ट मैच तो खेलते रहे, लेकिन एकदिवसीय में दोबारा कभी मैदान पर नहीं उतरे। सोबर्स ने साल 1958 में पाकिस्तान के खिलाफ 365 रन की नाबाद पारी खेली थी। ये टेस्ट क्रिकेट में किसी बल्लेबाज का सबसे अधिक स्कोर था।

# यशस्वी जायवाल बोले, रोहित शर्मा के साथ पारी शुरु करने से मेरी बल्लेबाजी बेहतर हुई



**बेंगलुरू।** भारतीय क्रिकेट टीम के उभरते हुए बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा है कि कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी की शुरुआत करने के दौरान जो अनुभव उन्हें मिला है वह बेहद फायदेमंद रहा है। यशस्वी के अनुसार रोहित के साथ बल्लेबाज कर उन्हें ये समय आया है कि किस प्रकार विकेट और हालात को देखकर बल्लेबाजी में बदलाव किया जा सकता है। यशस्वी ने अब तक नौ टेस्ट मैच खेले हैं। इस दौरान रोहित के साथ सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतरे हैं और दोनो के बीच ही कई अहम साझेदारियां भी हुई हैं। इस युवा बल्लेबाज ने कहा, ''जब भी मैं उनके साथ बल्लेबाजी करने जाता हूं तो उसका अनुभव अलग तरीके का होता है। वह अपने अनुभव मेरे साथ साझा करते रहे हैं। जिस तरह से वह खेल को नियंत्रित करते हैं और विकेट को समझते हैं, उसे हमें सीखने को काफी कुछ मिलता है।'' साथ ही कहा, ''उनके साथ बल्लेबाजी करने पर अंदाजा होता है कि विकेट गिरने पर या तेज गेंदबाजी और स्पिनरों की अनुकूल पिच पर कैसे खेला जाता है। '' साथ ही कहा कि पिछले एक साल में मैंने अपनी बल्लेबाजी पर भी काफी धयान दिया है। जिसे अब मुझ पता चल रहा है कि किस प्रकार से खेलना चाहिये जिससे हालातों के अनुसार अपने खेल को बदला जा सके। मुझे लगता है कि पिछले एक साल में ये मेरे लिए बहुत अहम रहा है। वहीं जब मैं घरेलू क्रिकेट खेल रहा था, तो मुझे कई चीजों के बारे में जानकारी नहीं थी।'' जायसवाल ने कहा, ''वहीं जब से मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलना शुरू किया है तभी से मेरी संवाद और खेल को पढ़ने की समझ बेहतर हुई है। मैं इसी प्रकार आगे भी खेलना चाहता हूं। इस युवा खिलाड़ी ने कहा कि मुख्य कोच गौतम गंभीर भी खिलाड़ियों क पूरी सहायता करते। उन्होंने सभी से निडर होकर अपना स्वाभाविक खेल खेलने को कहा है। इससे भी सबका मनोबल बढ़ा है। '' यशस्वी ने कहा कि उनका लक्ष्य बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली आगामी सीरीज में बेहतर प्रदर्शन करना रहेगा।

# दिलीप ट्रॉफी में शुभमन गिल टेप लगी जर्सी में दिखे



**बेंगलुरु।** दलीप ट्रॉफी में इंडिया ए टीम की कप्तानी कर रहे शुभमन गिल इंडिया बी से मुकाबले के दौरान एक ऐसे जर्सी पहनकर उतरे जिसको देखकर सभी हैरान हो गये। इसका कारण है कि शुभमन की जर्सी पर पीठ की ओर एक बड़ा सा टेप लगा हुआ था। इससे देखकर अटकलें लगायी जाने लगीं कि ऐसा क्यों हैं। जर्सी पर टेप का कारण सामने नहीं आया है पर माना जा रहा है कि शुभमन ने जो जर्सी पहनी थी वह किसी अन्य की होगी। इसलिए उसपर टेप लगा दिया गया होगा। शुभमन ल की जर्सी का नंबर 77 है। ऐसे में हो सकता है कि उनकी जर्सी का नंबर उपलब्ध ना हो। इसलिए उन्हें ऐसा करना पड़ा। इस बल्लेबाज ने अंडर 19 वर्ल्ड कप के दौरान कहा था कि वह शुरू में 7 नंबर की जर्सी पहनना चाहते थे पर ये उपलब्ध नहीं था इसलिए उन्हें मजबूरन इसे दोगुना करना पड़ा। वहीं इस मैच में युवा मुशीर खान के नाबाद शतक से पहले दिन इंडिया बी ने 7 विकेट पर 202 रन तक बनाये। मुशीर ने 227 गेंद में नाबाद 105 रन बनाए जिसमें दस चौके और दो छक्के शामिल थे। वहीं नवदीप सैनी ने नाबाद 29 रन की पारी खेली. दोनों ने आठवें विकेट के लिए 108 रन की साझेदारी करके टीम को संकट से निकाला जबकि एक समय भारत बी के 7 विकेट 94 रन पर गिर गए थे। मुशीर 14वें ओवर में अभिमन्यु ईश्वरन का विकेट गिरने के बाद मैदान पर उतरे थे। पहली बार दलीप ट्रॉफी खेल रहे मुशीर ने विकेट से मिल रही उछाल का बेहतर तरीके से सामना करते हुए संयम के साथ खेला। वह क्रिकेटर सरफराज खान के छोटे भाई हैं।

# सोना बढ़कर 72 हजार, चांदी 85 हजार के पार

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के वायदा कारोबार में शुक्रवार को तेजी देखी जा रही है। दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। शुक्रवार को सोने के वायदा भाव 71,950 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 85,000 रुपये के पार कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अक्टूबर कॉन्ट्रेक्ट 44 रुपये की तेजी के साथ 71,961 रुपये के भाव पर खुलकर 53 रुपये की तेजी के साथ 71,970 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही।

एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 130 रुपये की तेजी के साथ 85,056 रुपये पर खुलकर 45 रुपये की तेजी के साथ 85,01 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में




सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 2,547.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,543.10 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 4.10 डॉलर की तेजी के साथ 2,547.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 29.15 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 29.09 डॉलर था। इस समय यह 0.03 डॉलर की तेजी के साथ 29.12 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

### रुपया दो पैसे मजबूत होकर 83.95 डॉलर पर

रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में दो पैसे मजबूत होकर 83.95 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी, घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख और विदेशी पूंजी की निकासी से स्थानीय मुद्रा की बढ़त सीमित रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया एक पैसे मजबूत होकर 83.96 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती सौदों के बाद 83.95 पर पहुंच गया गया जो पिछले बंद से दो पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.97 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को परखने वाला डॉलर सूचकांक 0.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 100.97 अंक पर रहा।

# भारत के सर्विस सेक्टर की ग्रोथ 5 महीने के उच्च स्तर पर



**मुंबई।** देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि अगस्त में जुलाई की तुलना में बढ़ गई है। इसमें मार्च के बाद से सबसे तेज बढ़ोतरी देखी गई है। एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक जुलाई में 60.3 से बढ़कर अगस्त में 60.9 हो गया। यह मार्च के बाद सबसे तेज विस्तार है। इसे काफी हद तक उत्पादकता लाभ और सकारात्मक मांग के रुझान से समर्थन मिला। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है। एचएसबीसी के एक मुख्य अर्थशास्त्री ने कहा कि भारत के लिए समग्र पीएमआई में अगस्त में मजबूत वृद्धि रही जो सेवा क्षेत्र में त्वरित व्यावसायिक गतिविधि से प्रेरित है। इसमें मार्च के बाद से सबसे तेज विस्तार हुआ। यह वृद्धि मुख्य रूप से नए ठेकों खासकर घरेलू ठेकों में वृद्धि से प्रेरित रही। कच्चे माल की लागत में छह महीने में सबसे कम वृद्धि हुई, विनिर्माण तथा सेवा दोनों क्षेत्रों में भी यही रुख देखने को मिला। इससे अगस्त में आउटपुट मूल्य मुद्रास्फीति में कमी आई। सर्वेक्षण में कहा गया कि भारत की सेवा अर्थव्यवस्था में शुल्क मुद्रास्फीति की समग्र दर मध्यम रही। जुलाई में देखी गई वृद्धि की तुलना में भी यह वृद्धि धीमी रही। वहीं रोजगार का स्तर मजबूत बना रहा, हालांकि जुलाई की तुलना में नियुक्ति की गति मामूली धीमी रही।

### ब्रिगेड एंटरप्राइजेज ने यूआईपी के जरिए जुटाए1500 करोड़

ब्रिगेड एंटरप्राइजेज ने कारोबार बढ़ाने की अपनी रणनीति के तहत संस्थागत निवेशकों को इक्विटी शेयर बेचकर 1,500 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी ने फंड जुटाने के लिए 2 सितंबर को अपना क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) इश्यू लॉन्च किया था। यह इश्यू 5 सितंबर को बंद हुआ। ब्रिगेड एंटरप्राइजेज ने शुक्रवार को रेगुलेटरी फाइलिंग में कहा कि निदेशकों की एक समिति ने क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल खरीदारों को 1,30,43,478 इक्विटी शेयरों के अलॉटमेंट को मंजूरी दे दी है। बता दें कि शेयर 1150 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के इश्यू प्राइस पर अलॉट किए गए थे।

# नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालीफाई किया



**लुसाने।** भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने ब्रसेल्स में होने वाले डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। नीरज ने 14 सीरीज की बैठकों के समापन के बाद समग्र स्टैंडिंग में चौथे स्थान पर रहने के साथ ही डायमंड लीग फाइनल के लिए जगह बनायी। नीरज ने अपने छठे और अंतिम प्रयास में 89.49 मीटर के थ्रो के साथ लुसाने डायमंड लीग में दूसरा स्थान हासिल किया। पीटर्स ने 90.61 मीटर के अंतिम थ्रो के साथ और जर्मनी के जूलियन वेबर ने 88.37 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ पहला और तीसरा स्थान हासिल किया। सीजन का समापन 13 और 14 सितंबर को दो दिवसीय कार्यक्रम से होगा। नीरज ने दोहा और लुसाने में सीरीज की दो बैठकों में भाग लिया और अपने दूसरे स्थान से 14 अंक हासिल किए। ऐसे में अब वह ज्यूरिख लेग से बाहर रहेंगे। नीरज तीसरे स्थान पर रहने वाले चेकिया के जैकब वडलेच से दो अंक पीछे हैं। वहीं ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स और जर्मन स्टार जूलियन वेबर 29 और 21 अंकों के साथ पहले दो स्थान पर हैं। वहीं पेरिस में चोपड़ा ने 89.45 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक हासिल किया जबकि टोक्यो में उन्हें स्वर्ण पदक मिला था। तब उन्होंने 87.58 मीटर का थ्रो लगाया था।

# नीलामी में जितनी भी रकम लगेगी खेलने को तैयार रहूंगा : रिंकू सिंह



**मुम्बई।** आक्रामक क्रिकेटर रिंकू सिंह ने कहा है कि आईपीएल के अगले सत्र के लिए होने वाली नीलामी में उनपर जितनी भी रकम फ्रेंचाइजी लगाएगी। उसमें वह खेलने को तैयार रहेंगे। रिंकू अभी आईपीएल टीम कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) की ओर से खेलते हैं। इसके लिए उन्हें केकेआर की ओर से 55 लाख रुपये मिलते हैं। रिंकू के अनुसार वह इस पैसे में खुश है। उसका मानना है कि इंसान को जितना भी मिले उसी में उसे खुश रहना चाहिए। वहीं माना जा रहा है कि रिंकू को अगर नीलामी में उतारा जाता है तो फ्रेंचाइजी उनपर करोड़ों की रकम लगा सकती हैं। रिंकू की बात से साफ है कि वह आगे भी केकेआर के साथ बने रह सकते हैं क्योंकि उनके लिए पैसे से ज्यादा टीम अहम हैं। रिंकू ने कहा कि उन्हें पता है कि महज कुछ रुपये को हासिल करने के लिए कितनी मेहनत करनी पड़ती है। ऐसे में उन्हें जो भी रकम मिलेगी, उससे वह खुश होंगे। ऐसे में माना जा रहा है कि केकेआर टीम रिंकू को आपने पास बनाये रखेगी। रिंकू ने अब तक 46 आईपीएल मैच खेल चुके हैं जिसमें उन्होंनें 893 रन बनाये हैं। अभी वह यूपी टी20 लीग में मेरठ मावरिक्स टीम की कप्तानी कर रहे हैं। रिंकू की कप्तानी में उनकी टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई है। मेरठ मावरिक्स की टीम 7 में से छह मैच जीतकर 12 अंक लेकर अंतिम 4 में पहुंची है। अपनी टीम की ओर से अब तक उनका प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है।

# धीमी रही शेयर बाजार की चाल

## सेंसेक्स 250 अंक गिरा, निफ्टी 25 हजार के करीब




**मुंबई।** वैश्विक बाजारों में कमजोरी के बीच शुक्रवार के कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार मामूली गिरावट के साथ खुले। दरअसल अमेरिका के नौकरी और पेरोल आंकड़े जारी होने से पहले निवेशक सतर्क रुख अपना रहे हैं। निफ्टी-50 इंडेक्स 0.16 फीसदी गिरकर 25,103.25 अंक पर आ गया, जबकि एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स 0.21 फीसदी गिरकर 82,029.97 पर कारोबार देखा गया। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस का शेयर सबसे ज्यादा 1.81 प्रतिशत चढ़कर कारोबार कर रहा था। साथ ही बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स के शेयर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे। वहीं स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया का शेयर सबसे ज्यादा 1.60 प्रतिशत गिर गया। इसके अलावा अल्ट्रा सीमेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी आईटीसी के शेयर गिरावट में थे। इंडेक्स सप्ताह की शुरुआत में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया, लेकिन अमेरिकी अर्थव्यवस्था के बारे में निवेशकों के चिंतित रहने और घरेलू संकेतों की कमी के कारण इसमें 0.36 फीसद की गिरावट आई है। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई का बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी-50 गुरुवार को 53.60 अंक की गिरावट के साथ 25,145.10 पर बंद हुआ। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 151.48 अंकों की गिरावट के साथ 82,201.16 के लेवल पर बंद हुआ। अमेरिकी श्रम बाजार में मंदी को लेकर चिंताएं फिर से उभर आई हैं। आंकड़ों में कुल मिलाकर नौकरियों के अवसर कम होने और निजी क्षेत्र में कम नौकरियां बढ़ने की बात सामने आई है, जिससे 17-18 सितंबर को फेड की बैठक में ब्याज दर में कटौती की उम्मीदें बढ़ गई हैं। अगर आंकड़े कमजोर रहते है तो ब्याज दरों में 0.50 प्रतिशत कटौती की संभावना बढ़ जायेगी जबकि सुधार हुआ तो दरों में 0.25 फीसदी कटौती हो सकती है।

### सतना रेल्वे स्टेषन के पुर्ननिर्माण एवं विस्तार कार्य का भूमिपूजन

# सर्वसुविधा युक्त व विश्व स्तरीय होगा रेल्वे स्टेशन

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** हावड़ा-मुंबई रेल मार्ग पर 100 साल से भी अधिक समय से स्थापित सतना रेल्वे स्टेशन का कायाकल्प कर इसे सर्व सुविधा युक्त विश्व स्तरीय रेल्वे स्टेशन बनाया जाएगा। देश में भोपाल के रानी कमलापति के पहले रेल्वे स्टेशन के बाद सतना रेल्वे स्टेशन को विश्व स्तरीय स्टेशन बनाने का कार्य स्वीकृत किया गया है।

सांसद गणेश सिंह ने 272 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले सर्व सुविधा युक्त विश्व स्तरीय रेल्वे स्टेशन का गुरुवार को भूमिपूजन किया। इस अवसर पर विधायक सतना सिद्धार्थ कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, उपाध्यक्ष सुस्मिता सिंह परिहार, जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा, चेंबर के अध्यक्ष सतीश सुखेजा, विवेक अग्रवाल, एडीआरएम आनंद कुमार सहित बड़ी संख्या में सतना शहर के स्थानीय जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

सांसद गणेश सिंह ने कहा कि आज के दिन सतना के विकास में महत्वपूर्ण पायदान जुडने जा रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में विश्व स्तरीय स्टेशन बनाने रानी कमलापति स्टेशन के बाद दूसरी घोषणा सतना रेलवे स्टेशन को बनाने की की गई। उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना में सतना रेलवे स्टेशन को विश्व स्तरीय स्टेशन बनाने के लिए 272 करोड रुपए स्वीकृत करने पर प्रधानमंत्री भारत सरकार और रेल मंत्री का सतना जिले की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया। सांसद सिंह ने बताया कि शहर की पहचान व्यंकटेश मंदिर की थीम पर आधारित डिजाइन की परियोजना में रेल्वे लाइन की दोनों तरफ बाजार साईड और राजेंद्र नगर की ओर एक जैसी संरचना बनेगी। पीछे की तरफ भी अतिरिक्त स्टेशन भवन बनेगा। भविष्य की जरूरत के हिसाब से यात्री संख्या के अनुरूप दो अतिरिक्त यात्री प्लेटफार्म भी बनाए जाएंगे। स्टेशन भवन में प्रत्येक फुट ओव्हर ब्रिज और भवन पर यात्रियों की आसान आवाजाही के लिए लिफ्ट और एस्केलेटर की व्यवस्था होगी। लाइन के ऊपर 36 मीटर चौड़ा विशाल रूफप्लाजा, स्लीपिंग पाड्स के प्रावधान के साथ आधुनिक वेटिंग हाल भी बनेगा। यात्रियों की आसान आवाजाही के लिए 6 मीटर चौड़े 2 अतिरिक्त फुट ओव्हर ब्रिज बनाने की योजना है। स्टेशन में 52 कोच गाइडेस इंडिकेशन बोर्ड 6 ट्रेन एट ए ग्लास डिस्प्ले, 6 एलईडी और 4 मल्टी लाइन बोर्ड भी लगेंगे। बुकिंग विंडो 6 से बढ़कर 10 की जाएगी। सर्कुलेटिंग एरिया इस तरह डिजाइन किया गया है कि शहर की दोनों तरफ से यात्री आसानी से आ जा सकेंगे। सांसद सिंह ने बताया कि सभी सुविधा से युक्त सतना रेल्वे स्टेशन विश्व स्तरीय रेलवे स्टेशन के रूप में बनेगा।

सांसद सिंह ने सतना रेल्वे स्टेशन के दूसरे छोर राजेंद्र नगर, जवाहर नगर की ओर रेल्वे की अनु उपयोगी पड़ी जमीन की विकास की कार्य योजना बताते हुए कहा कि दादा स्टेडियम और धवारी चौक से सामने की पूरी सिविल लाइन तक की रेल्वे की जमीन आरएलडीए को दे दी गई है। सतना रेल्वे स्टेशन से लगे इस भू-भाग पर आरएलडीए द्वारा 450 करोड रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्य आवासीय, माल एवं सुविधायुक्त साधन उपलब्धता कराने के कार्य किए जाएंगे। इनमें रेल्वे स्टेशन से लगे 100 फीट की रोड पर पहला माल कम कमर्शियल एवं रेसीडेन्शियल काम्पेलक्स बनेगा। इस छोर पर माल कम शॉपिंग कमर्सियल भवन बनाने की योजना है। जिसमें 4 अलग-अलग ब्लाक में बडी पार्किंग सुविधा 1 हजार से अधिक वाहनों की पार्किंग ओपन एवं अंडर ग्राउण्ड सर्व सुविधायुक्त सुरक्षा की दृष्टि से आधुनिक अपार्टमेंट 2 बीएचके, 3 बीएचके, 4 बीएचके अपार्टमेंट थ्री स्टार के होटल, थ्री बैंक्विट हाल, मल्टीप्लेक्स, फूढ प्लाजा, गेम जोन, एस्केलेटर्स एवं लिफ्ट एंकर स्टोर सर्व सुविधायुक्त आधुनिक पब्लिक कनविनियंस, रूफ टॉप रेस्टोरेन्ट क्लब हाउस पार्क एवं स्वीमिंग पूल बनाये जायेंगे।

संसद ने बताया कि दोनों ही प्रोजेक्ट लगभग 700 करोड़ के होंगे। जिनमें रेल्वे स्टेशन के कार्य का भूमिपूजन किया गया है। कल से ही काम प्रारंभ पर दिया जाएगा। सांसद ने बताया कि पूर्वी प्रवेश द्वार बाजार की तरफ के स्टेशन की खाली पड़ी भूमि पर आरएलडीए वैकल्पिक मार्ग और अन्य व्यवस्थाएं करेगा। सांसद ने कहा कि सतना शहर में एक हजार करोड़ के स्मार्ट सिटी के विकास कार्य चल रहे हैं। ललितपुर-सतना-रीवा-सिंगरौली रेल लाइन और राष्ट्रीय राजमार्ग कारीडोर का विकास तेजी से चल रहा है। इन कार्यो में सबके सहयोग से सतना शहर आने वाले समय में विंध्य का सबसे खूबसूरत और विकसित शहर और जिला बनेगा।

विधायक सतना सिद्धार्थ कुशवाहा ने कहा कि सतना में बनने वाला विश्व स्तरीय रेल्वे स्टेशन सतना के विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने सतना रेल्वे स्टेशन के निर्माण में गुणवत्तापूर्ण और सुंदर काम करने की सलाह के साथ ही व्यंकटेश मंदिर की आकृति पर बनने वाले स्टेशन में बेहतर तकनीक का इस्तेमाल और स्थानीय भौगोलिक परिवेश का भी ध्यान रखने की बात कही। ताकि सतना का रेल्वे स्टेशन देश और प्रदेश में नाम चीन स्टेशन बन सकें।

एडीआरएम आनंद कुमार ने बताया कि सतना रेल्वे स्टेशन के पुनर्निर्माण और विकास के 272 करोड रूपये के कार्य होंगे। विकास और सुविधा कमर्सियल की दृष्टि से सतना रेल्वे स्टेशन को विश्व स्तरीय रेल्वे स्टेशन के रूप में बनाया जायेगा। उन्होंने सतना को विश्व स्तरीय रेल्वे स्टेशन बनाने के प्रयासों में सांसद सतना गणेश सिंह के प्रयासों की चर्चा करते हुए कहा कि वर्तमान रेल्वे स्टेशन में दो लाइन और दो प्लेटफार्म और बनाये जायेंगे। जिससे यात्रियों को सुविधायें प्राप्त होगी। प्रोजेक्ट की लागत 251 करोड है और 24 महीने में कार्य पूरा होगा।










## उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज चित्रकूट आयेंगे

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** भारत के उप राष्ट्रपति 7 सितंबर को सतना जिले के चित्रकूट आयेंगे। उप राष्ट्रपति श्री धनखड़ के निर्धारित कार्यक्रमानुसार अपरान्ह 3 बजे चित्रकूट के आरोग्य धाम स्थित हैलीपेड पर सेना के हैलीकाप्टर से आगमन होगा। उप राष्ट्रपति आरोग्य धाम में स्थापित भारत र% नानाजी देशमुख की प्रतिमा पर श्रृद्धासुमन अर्पित करेंगे। इसके पश्चात सडक मार्ग से उत्तरप्रदेश के चित्रकूट स्थित जगदगुरू रामभद्रा चार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय पहुंचकर आधुनिक जीवन में ऋषि परंपरा विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उप राष्ट्रपति श्री धनखड कार्यर्‍ म में शामिल होने के पश्चात वापस मध्यप्रदेश के चित्रकूट आकर सायं 5.15 बजे आरोग्य धाम स्थित हैलीपेड से हेलीकाप्टर द्वारा प्रयागराज उ.प्र. के लिए प्रस्थान करेंगे।



उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ के सतना जिले के चित्रकूट प्रवास के दौरान म.प्र. शासन की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी को राज्य शासन ने मिनिस्टर इन वेटिंग नामित किया है।

## नगरीय विकास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी आज सतना आयेंगी

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी 7 सितंबर को भोपाल से रेवांचल एक्सप्रेस द्वारा प्रातः 6:30 बजे सतना पहुंचेंगी। राज्यमंत्री प्रातः 10 बजे विधानसभा क्षेत्रीय कार्यालय विट्स कॉलेज के पास सतना में जनता दरबार में शामिल होंगी। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी दोपहर 12 बजे सतना से चित्रकूट के लिए प्रस्थान करेंगी और आरोग्य धाम स्थित हेलीपैड में मिनिस्टर इन वेटिंग के रूप में उप राष्ट्रपति जी आगुवानी करेंगी। सायं 5.30 बजे राज्यमंत्री श्रीमती बागरी उप राष्ट्रपति जी की विदाई के बाद चित्रकूट से सतना के लिए प्रस्थान करेंगी। राज्यमंत्री सायं 7 बजे सतना में सिंधु महोत्सव के 11 दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यर्‍ म शामिल होंगी।



## उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने किये मां शारदा देवी के दर्शन



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने शुर्‍ वार को मैहर जिले के प्रवास के दौरान मां शारदा देवी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मैहर मंदिर में हवन पूजन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

## कलेक्टर एवं एसपी ने किया निरीक्षण



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** उप राष्ट्रपति एवं राज्यसभा अध्यक्ष श्री जगदीप धनखड़ शनिवार को चित्रकूट आयेंगे। श्री धनखड सबसे पहले एमपी के चित्रकूट में आरोग्यधाम पहुंचेंगे। इसके बाद यूपी के हिस्से के जगदगुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विवि की राष्ट्रीय संगोष्ठी में शामिल होंगे। कलेक्टर अनुराग वर्मा और एसपी आशुतोष गुप्ता ने चित्रकूट पहुंचकर उप राष्ट्रपति के आगमन को लेकर की जा रही तैयारी व्यवस्थाओं तथा सुरक्षा संबंधी इंतजामों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े, सीईओ जिला पचांयत संजना जैन उपस्थित रहे।

## उप राष्ट्रपति के दौरे को लेकर सुरक्षा व्यवस्था हेतु सौंपे गये दायित्व

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड के प्रस्तावित सतना जिले के चित्रकूट में 7 सितंबर 2024 को भ्रमण कार्यर्‍ म के दृष्टिगत आवश्यक सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनुराग वर्मा द्वारा अधिकारियों को दायित्वों को सौंपे गये है। इस मौके पर कानून और व्यवस्था कायम रखने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किये गये हैं।

कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार डीआरआई हेलीपैड चित्रकूट में आगमन एवं प्रस्थान स्थल पर सीईओ जिला पंचायत सु संजना जैन प्रभारी अधिकारी होंगी। जबकि एसडीएम आरएन खरे और तहसीलदार राय सिंह कार्यपालिक मजिस्ट्रेट होंगे। इसी प्रकार गौशाला चित्रकूट एवं रस्स शाला प्रदर्शनी स्थल पर एसडीएम राहुल सिलाडिया प्रभारी अधिकारी तथा नायब तहसीलदार राजेश सिंह और कमलेश सिंह भदौरिया कार्यपालिक मजिस्ट्रेट होंगे। राष्ट्र ऋषि नाना देशमुख प्रतिमा स्थल पर एसडीएम एपी द्विवेदी प्रभारी अधिकारी तथा नायब तहसीलदार यादवेन्द्र मणि त्रिपाठी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट होंगे। रेस्ट हाउस चित्रकूट में नायब तहसीलदार परमानंद तिवारी प्रभारी अधिकारी होंगे। आवागमन के सम्पर्ण रूट के लिए एसडीएम जितेन्द्र वर्मा प्रभारी अधिकारी तथा नायब तहसीलदार जितेन्द्र तिवारी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट होंगे। सभी नियुक्त कार्यपालिक मजिस्ट्रेट महामहिम उप राष्ट्रपति भारत सरकार के आगमन के पूर्व अपने निर्धारित कार्यर्‍ म स्थल पर अपने दायित्वों को निर्वहन करेंगे। सम्पूर्ण व्यवस्था के लिए एसडीएम मझगवां जितेन्द्र वर्मा से समन्वय स्थापित कर व्यवस्था को सुचारू रूप से संपादित करेंगे। सम्पूर्ण कानून व्यवस्था के प्रभारी अधिकारी अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे होंगे। इसी प्रकार कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनुराग वर्मा ने कार्यर्‍ म के सफलता पूर्वक संपन्न कराने के लिए विभागीय अधिकारियों को भी दायित्व सौंपे है।

## बैहार ग्राम में वितरित की गई बीज कीट और न्यूट्रीशन किट

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड के निर्देशानुसार मैहर जिले के ग्राम बैहार में विशेष जनजाति बैगा परिवार को लाभांवित करने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे बिरला ग्रुप के सहयोग से महिलाओं एवं बच्चो का स्वास्थ्य परीक्षण कर न्यूट्रीशन किट का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री जन मन योजनांतर्गत विभागीय योजनाओं के हितग्राहियों का चिन्हांकन कर लाभान्वित किया गया। इस दौरान परिवारों को पोषण वाटिका हेतु हार्टिकल्चर विभाग के सहयोग से ग्रामवासियों को साग सब्जियों के बीज किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यर्‍ म अधिकारी राजेन्द्र बांगरे, परियोजना अधिकारी अखिलेश दीपांकर, पर्यवेक्षक सुबीना बी, ग्राम पंचायत सेमरा के सरपंच एवं सचिव भी उपस्थित रहे।



## नेशनल लोक अदालत में विद्युत उपभोक्ताओं के प्रकरणों में छूट का प्रावधान

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के अनुसार 14 सितम्बर 2024 (शनिवार) को विद्युत अधिनियम 2003 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिये नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है।

म.प्र.शासन उर्जा विभाग के निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में कंपनी द्वारा नेशनल लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत लिटिगेशन/प्री-लिटिगेशन के लंबित निम्नदाब श्रेणी के सभी घरेलू व कृषि, 5 किलोवाट भार तक के गैर घरेलू, 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं के विशेष न्यायालय में दर्ज एवं प्री-लिटिगेशन के प्रकरणों में छूट प्रदान करने के प्रावधान किये है। कंपनी द्वारा माननीय विशेष न्यायालय में दर्ज प्रकरणों में आंकलित सिविल दायित्व की राशि में 20 प्रतिशत एवं सिविल दायित्व की राशि पर छः माही चकवृद्धि दर के अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष लगने वाले ब्याज की राशि में 100 प्रतिशत छूट नियम एवं शर्तों के तहत प्रदान की जायेगी। प्रकरण न्यायालय में दर्ज न होने की स्थिति (प्री-लिटीगेशन) में आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं सिविल दायित्व की राशि पर लगने वाले छः माही चकवृद्धि दर के अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष लगने वाले ब्याज की राशि में 100 प्रतिशत की छूट नियम एवं शर्तों के तहत प्रदान की जायेगी।

14 सितम्बर 2024 (शनिवार) को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत दी जाने वाली छूट, आंकलित सिविल दायित्व राशि रूपये 50,000 (पचास हजार मात्र) तक के प्रकरणों के लिये सीमित रहेगी। आवेदक को निर्धारित छूट के उपरान्त शेष देय आंकलित सिविल दायित्व एवं ब्याज की राशि का एकमुश्त भुगतान करना होगा। आवेदक को विचाराधीन प्रकरण वाले परिसर या उसके नाम पर किसी अन्य संयोजन के विरूद्ध विद्युत देयकों की बकाया राशि का भुगतान करना होगा। आवेदक को विधिक संयोजन न होने की स्थिति में विधिक संयोजन प्राप्त करना एवं पूर्व में विच्छेदित संयोजनों के विरूद्ध बकाया राशि (यदि कोई हो) का भुगतान किया जाना अनिवार्य होगा। आवेदक को छूट विद्युत चोरी/अनाधिकृत उपयोग पहली बार किये जाने की स्थिति में ही दी जायेगी। पूर्व के लोक अदालतों में छूट प्राप्त आवेदक छूट के पात्र नहीं होंगे। सामान्य विद्युत देयकों के विरूद्ध बकाया राशि पर कोई छूट नहीं दी जायेगी। यह छूट मात्र नेशनल लोक अदालत 14 सितम्बर 2024 में समझौता करने के लिये लागू रहेगी। अपराध शमन फीस अधिनियम के प्रावधान अनुसार वसूल की जायेगी।

## प्लेसमेंट ड्राइव 12 सितंबर को मैहर में

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिला रोजगार कार्यालय सतना एवं शासकीय आईटीआई कॉलेज मैहर के सहयोग से 12 सितम्बर 2024 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक शासकीय आईटीआई कॉलेज सरला नगर रोड कृषि उपज मण्डी के पास मैहर में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें महिला एवं पुरूष आवेदक जो निर्धारित योग्यता पूरी करते है वह अपने मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर योग्यता अनुसार रोजगार प्राप्त कर सकते है।

## पीएम जनमन योजना के तहत विशेष शिविर का आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा निर्देशानुसार पीएम जनमन योजना में 10 सितम्बर 2024 तक मैहर जिले के ग्राम बैहार ग्राम पंचायत सेमरा विकासखण्ड मैहर एवं ग्राम सेहरूआ नम्बर-2 ग्राम पंचायत सिलपरी विकासखण्ड अमरपाटन में चिन्हित बैगा (पीवीटीजी) ग्रामों में विशेष शिविर लगाये जाकर प्रधानमंत्री जनमन कार्यकम (जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान) अंतर्गत कियान्वयन की जा रही योजनाओं की जानकारी से पीवीटीजी समुदाय को जागरूक/अवगत कराने के लिए प्रचार-प्रसार के निर्देश दिये गये हैं। जनजातीय कार्य विभाग मैहर द्वारा र्‍ियान्वयन की जा रही विभिन्न विभागीय योजनाओं का समस्त ग्रामों में शत प्रतिशत सेचुरेशन करने के लिए विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारियों को दायित्व सौंपे गये हैं। सभी नोडल अधिकारी अपने विभाग की योजनाओं की चिन्हित पीवीटीजी ग्रामों में पीएम जनमन योजनाओं का शत-प्रतिशत सेचुरेशन करने के लिये निर्देशित किया गया हैं। जिसमें 7 सितंबर को विद्युत कनेक्शन एवं सौर ऊर्जा एवं जल जीवन मिशन, 8 सितंबर को प्रौढ शिक्षा, 9 सितंबर को रोजगार तथा 10 सितंबर को पीएम जनधन योजना के विशेष शिविर आयोजित किये जायेंगे।

## मैहर कलेक्टर ने फोन पर सुनी समस्यायें

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मैहर कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष से कलेक्टर रानी बाटड ने शुर्‍ वार को प्रातः 11 बजे से 12 बजे तक दूरभाष नंबर 07674-299232 के माध्यम से जिले भर से स्थानीय नागरिकों के द्वारा की गई 12 शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना एवं संबंधित अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान वार्ड र्‍ मांक-6 से अतिर्‍ मण हटाने, ग्राम पंचायत भेड़रा ताला अमरपाटन से सड़क निर्माण करने, ग्राम पंचायत पथरहटा में आराजी की जमीन से अवैध कब्जा हटाने, ग्राम सोनाडी में नाली निर्माण कार्य की जांच कराने, खसरा सुधारने, मुकुंदपुर ग्राम पंचायत में सप्लाई की गई सामग्री का भुगतान कराने संबंधी सूचना दिए बिना सुपरवाइजर ने 100 नंबर चालक को निकाले जाने, नगरपालिका द्वारा तोडी गई नाली से स्थानीय लोगो को हो रही समस्या के संबंध में, शासकीय भूमि से अवैध कब्जा कर आराजी की जमीन पर बने मकान का मुख्य रास्ता बंद होने एवं भरौली हाई स्कूल के आस पास अवैध कब्जा करने के संबंध में शिकायते प्राप्त की गई।

# कमिश्नर, कलेक्टर, एसपी ने चित्रकूट में तैयारियों का किया निरीक्षण

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** भारत के उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड के 7 सितंबर को चित्रकूट के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के मद्देनजर कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद, डीआईजी साकेत पाण्डेय के अलावा कलेक्टर अनुराग वर्मा, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने जिले के संबंधित अधिकारियों के साथ गुरूवार को चित्रकूट पहुंचकर उप राष्ट्रपति जी के प्रस्तावित कार्यर्‍ म स्थल की तैयारियों का जायजा लिया।

इस दौरान कमिश्नर और डीआईजी तथा कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने चित्रकूट के आरोग्य धाम स्थित हेलीपैड का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण को हेलीपैड स्थल की साफसफाई एवं निर्धारित प्रोटोकाल नार्म्स के अनुसार व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। बाद में उन्होंने उप राष्ट्रपति जी के प्रस्तावित कार्यर्‍ म स्थलों सहित उप राष्ट्रपति जी के कार्किड के आवागमन के मार्ग का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थायें देखी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों एवं ट्रैफिक तथा पुलिस अधिकारियों को व्यवस्था संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विर्‍ म सिंह, ट्रैफिक डीएसपी संजय खरे, जनपद सीईओ सुलभ पुषाम, नगर पालिका अधिकारी विशाल सिंह भी उपस्थित थे। मुख्य सचिव वीरा राणा ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक ली उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड के 7 सितंबर को सतना प्रवास और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के 18 तथा 19 सितंबर को प्रस्तावित दो दिवसीय इन्दौर एवं उज्जैन प्रवास के मद्देनजर तैयारियों और सुरक्षा प्रबंधों के संबंध में प्रदेश की मुख्य सचिव वीरा राणा ने वीडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सतना के एनआईसी कक्ष में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद, डीआईजी रीवा संभाग साकेत पाण्डेय, कलेक्टर अनुराग वर्मा, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, निगमायुक्त शेर सिंह मीना, सीएमओ चित्रकूट विशाल सिंह उपस्थित रहे।



स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।